राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -24 रायपुर मंगलवार 16 जनवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25




मायावती का ऐलान, अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव, किसी भी पार्टी से नहीं होगा गठबंधन



मशहूर उर्दू शायर मुनव्वर राना का निधन, पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 1 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की

## आदिवासी संस्कृति व सम्मान के लिए काम कर रही सरकार

**केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के सबसे बड़े लाभार्थी मेरे आदिवासी भाई-बहन है**

**आज आदिवासी समाज यह देख और समझ रहा है कि हमारी सरकार आदिवासी संस्कृति और उनके सम्मान के लिए कैसे काम कर रही है**

एजेंसी।





प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री-जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के 1 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी की। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की सुश्री मानकुंवरी बाई अपने पति के साथ कृषि कार्य में संलग्न हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि वह स्वयं सहायता समूहों के साथ जुड़कर दोना-पत्तल बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, साथ ही जनमन के रूप में पीएम-जनमन से संबंधित योजनाओं के बारे में जनमन-संगी के रूप में घर-घर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक बना रही हैं। वह दीप समूह नामक स्वयं सहायता समूह का हिस्सा हैं जिसमें 12 सदस्य शामिल हैं। सुश्री मानकुंवरी ने प्रधानमंत्री को स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उपज को वन धन केन्द्रों पर बेचने की अपनी योजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने इससे प्राप्त फायदों के बारे में बात की और पक्के घर, पानी, गैस और बिजली कनेक्शन और आयुष्मान कार्ड का उल्लेख किया। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उनके पति को कान की बीमारी का मुफ्त इलाज मिला और उनकी बेटी को भी 30,000 रुपये का निशुल्क उपचार मिला। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम (एफआरए), किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित लाभ प्राप्त करने के बारे में भी बताया। सुश्री मानकुंवरी ने कहा कि नल से जल का कनेक्शन उन्हें दूषित पानी पीने से बचा रहा है और इस तरह उन्हें और उनके परिवार को जल-जनित बीमारियों से सुरक्षा हो रही है। उन्होंने बताया कि गैस कनेक्शन उनका समय बचा है और जलाऊ लकड़ी से निकलने वाले धुएं से मुक्ति मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा, ''जो काम पिछले 75 वर्षों में नहीं हुआ वह अब 25 दिनों में पूरा हो गया।''

## जेपी नड्डा ने शुरू किया भाजपा के चुनाव के लिए दीवार लेखन अभियान



**नई दिल्ली एजेंसी।** भाजपा ने सोमवार से लोकसभा चुनाव के लिए दीवार लेखन अभियान की शुरुआत कर दी है। प्रचार अभियान के तहत भाजपा देशभर में दीवारों पर पार्टी के नारे लिखवाएगी और चुनाव चिन्ह कमल का निशान बनवाएगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जेपी नड्डा ने खुद दिल्ली में एक दीवार पर कमल का निशान उकेरा। जेपी नड्डा ने कहा कि आज से, हमारा देशभर में दीवार लेखन अभियान शुरू हो रहा है। हमने एक बार फिर मोदी सरकार के नारे को दीवार पर लिखकर इस अभियान की शुरुआत की है। हमारी देश को लोगों से अपील है कि वह एक बार फिर से देश में मोदी सरकार बनाएं। देश को आगे ले जाने के लिए स्थायी सरकार की जरूरत है। दीवार लेखन अभियान के जरिए हमने देश के लोगों से अपील की है कि 'एक बार फिर मोदी सरकार'।

## सीएम आदित्यनाथ ने महायोगी गोरखनाथ को चढ़ाई पवित्र खिचड़ी



गोरखपुर (एजेंसी )।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार भोर में चार बजे शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई और लोकमंगल की कामना की। गोरक्षपीठाधीश्वर के बाद नेपाल राजवंश की ओर से खिचड़ी चढ़ाई गई। फिर नाथ योगियों, साधु संतों ने खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह के कपाट को आमजन के लिए खोल दिया गया।

## सीएम योगी ने लॉन्च किया Divya Ayodhya App

एजेंसी।





22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, देश के कई बड़े नेता, अभिनेता समेत तमाम लोग हिस्सा लेंगे. इसको लेकर अयोध्या में जोर-शोर से तैयारियां चल रही है. इस कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक नया मोबाइल एप लॉन्च किया है, जिसका नाम 'दिव्य अयोध्या' एप है. यह एप अयोध्या आने वाले टूरिस्ट्स के लि बहुत काम का साबित हो सकता है. इस एप में यूजर्स को एक ही जगह कई सुविधाएं मिलेंगी. आइए आपको इसके बारे में विस्तार से बताते हैं.

अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश उत्सुक है. इससे अयोध्या में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा. जानकारी के मुताबिक यह एप तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए सफर को आसान और यादगार बनाएगा. यह एक ही मंच पर यूजर्स की सभी जरूरतों को पूरा करता है. यूजर्स को ठहरने की योजना बनानी हो, अयोध्या के सांस्कृतिक वैभव, प्रमुख स्थलों, मंदिरों, मठों और ऐतिहासिक स्थलों ने बारे में जानना हो के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं. यह एप यूजर्स को उन जगहों के बारे में जानकारी देगा, जहां वे घूम सकते हैं. यह एप यूजर्स को कई तरह से मदद करने में मददगार है. इस एप की मदद से यूजर ई-कार और ई-बसों को बुक कर सकते हैं. उनके रूट स्टेटस को ट्रैक कर सकते हैं. साथ ही यह एप सुविधाजनक बोर्डिंग और डीबोर्डिंग में भी मदद करेगा. इस एप के साथ होमस्टे, होटल और यहां तक कि टेंट सिटीज के लिए बुकिंग भी संभव है, जो यूजर्स को स्थानीय रूप से प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड से जोड़ता है. इस एप से बुजुर्गों और जिन व्यक्तियों को चलने में परेशानी हो के लिए व्हीलचेयर और गोल्फकार्ट भी बुक किए जा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री का आंध्र प्रदेश और केरल दौरा

एजेंसी।



दिल्ली प्रधानमंत्री 16 जनवरी को अपराह्न करीब 3:30 बजे आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के पलासमुद्रम पहुंचेंगे और राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के 74वें और 75वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ-साथ रॉयल सिविल सर्विस ऑफ भूटान के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ भी बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री 17 जनवरी को सुबह करीब 07:30 बजे केरल के गुरुवयूर मंदिर में पूजा-अर्चना और दर्शन करेंगे। वह सुबह करीब 10:30 बजे त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना और दर्शन करेंगे। इसके बाद, दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग क्षेत्र को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन** - कोच्चि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री 4,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्?य की तीन प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं अर्थात कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में न्यू ड्राई डॉक (एनडीडी); सीएसएल की इंटरनेशनल शिप रिपेयर फैसिलिटी (आईएसआरएफ) ; और पुथुवाइपीन, कोच्चि में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एलपीजी आयात टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे।

## राम मंदिर से 15 मिनट की दूरी पर अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में खरीदा प्लॉट



अयोध्या एजेंसी।।

अमिताभ बच्चन राम की नगरी अयोध्या में आलीशान घर बनवाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अभिनंदन लोढ़ा से सेवन स्टार टाउनशिप द सरयू में प्लॉट खरीदा है। अभिनंदन मुंबई बेस्ड डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के चेयरमैन हैं। अमिताभ बच्चन वहां 10,000 स्क्वैयर फीट का घर बनवाना चाहते हैं जिसकी कीमत 14.5 करोड़ होगी।

## पीएम जनमन कार्यक्रम : मंत्री शेखावत व डिप्टी सीएम साव हितग्राहियों को बांटे प्रमाण-पत्र

### दो मोबाईल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**एजेंसी।** महासमुंद विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों पीव्हीजीटी के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम जनमन के हितग्राहियों से चर्चा की। आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में वर्चुअल कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक द्वय योगेश्वर राजू सिन्हा व सम्पत अग्रवाल शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन के पश्चात पीएम जनमन के तहत विभिन्न हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिसमें लक्ष्मी कमार एवं संतराम कमार को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। सिकल सेल जेनेरिक कार्ड ममता कमार, शांति पहाड़िया, कमार जनजाति के दो महिला स्व सहायता समूहों को 15-15 हजार रूपए की राशि, कुमारी कमार एवं सीमा कमार को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति प्रमाण-पत्र, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय से कमार जनजाति के खेल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पूर्ण रूप से शासकीय योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकार, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा एवं रूप कुमारी चौधरी, मिशन संचालक विकास शील और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक एवं कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक मौजूद थे। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा विभिन्न शासकीय स्टॉलों का अवलोकन किया गया। जिसमें वन विभाग, पंचायत, कृषि विकास केन्द्र, जल जीवन मिशन, कौशल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास आदि विभागों की ओर से केन्द्रीय योजनाओं का जीवंत और मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया। केन्द्रीय मंत्री ने स्टॉल अवलोकन के दौरान किए जा रहे कार्यो की सराहना की। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शेखावत एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा पीएम जनमन अंतर्गत दो मोबाईल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## अयोध्या ने के लिए अब तक चार लाख लड्डू तैयार, मोहन ने लिया जायजा



उज्जैन एजेंसी।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की भोग लड्डू निर्माण इकाई पहुंचे और यहां से अयोध्या भेजे जाने वाले भोग के लड्डुओं के निर्माण का जायजा लिया। डॉ यादव सुबह चिंतामन जवासिया स्थित श्री महाकालेश्वर भगवान के भोग लड्डू निर्माण इकाई पहुंचे। यहां उन्होंने लड्डू इकाई में बैठकर लड्डू बनाए और पैकिंग भी की। डॉ यादव ने यहां उपस्थित कारीगरों से चर्चा की। इस दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक व अपर कलेक्टर संदीप कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री को लड्डू प्रसाद के संबंध में जानकारी दी। डॉ यादव ने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए यहां से पांच लाख लड्डू भोग के लिए भेजे जाने की घोषणा की थी।

## ग्लोबल इकोनॉमी अभी होगी और सुस्त, लेकिन बनी रहेगी भारत की रफ्तार- विश्व बैंक

**एजेंसी ।** विश्व बैंक ने भी कहा है कि ग्लोबल इकोनॉमी अभी और सुस्त रहेगी, लेकिन भारत की रफ्तार बनी रहेगी। विश्व बैंक ने अपनी ताजा ग्लोबल इकोनॉमिक प्रोस्पेक्ट्स रिपोर्ट में अनुमान जाहिर किया है कि साल 2024 में लगातार तीसरे साल ग्लोबल ग्रोथ में सुस्ती देखने को मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में विश्व आर्थिक वृद्धि 2023 के 2.6 प्रतिशत की तुलना में और कम होकर 2.4 प्रतिशत पर आ जाएगी। हालांकि साल 2025 में ग्रोथ एक बार फिर बढ़कर 2.7 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी, लेकिन दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बना रहेगा। जबकि भारत अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर उठाए गए ठोस कदमों की वजह से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

## सर्वे : मोदीराज में गरीब राज्यों में गरीबी में तेजी से गिरावट

» भारत के 2030 से काफी पहले एसडीजी लक्ष्य 1.2 (बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधे तक कम करना) हासिल करने की संभावना

एजेंसी।



पिछले नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग अनेक पहलुओं से जुड़ी गरीबी से बच गये। नीति आयोग के चर्चा पत्र 'मल्टीडायमेंशनल पावर्टी इन इंडिया सिन्स 2005-06' के निष्कर्ष इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय 2013-14 से 2022-23 के बीच हर तरह की गरीबी के समाधान के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहलों को देते हैं। चर्चा पत्र आज नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने नीति आयोग के सीईओ श्री बी. वी. आर. सुब्रमण्यम की उपस्थिति में जारी किया। ऑक्सफोर्ड नीति और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने इस पत्र के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान की है।

बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त व्यापक उपाय है जो मौद्रिक पहलुओं से परे अनेक आयामों में गरीबी को दर्शाता है। एमपीआई की वैश्विक कार्यप्रणाली मजबूत अलकिरे और फोस्टर (एएफ) पद्धति पर आधारित है जो अत्यधिक गरीबी का आकलन करने के लिए डिज़ाइन की गई सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत मीट्रिक के आधार पर लोगों को गरीब के रूप में पहचानती है, जो पारंपरिक मौद्रिक गरीबी उपायों के लिए एक पूरक संभावना प्रदान करती है।

चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जो 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई है, यानी 17.89 प्रतिशत अंकों की कमी। उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान 5.94 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने के साथ गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग हैं।

गरीबी के सभी आयामों को कवर करने वाली महत्वपूर्ण पहलों के कारण पिछले 9 वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बच निकले हैं। परिणामस्वरूप, भारत को 2030 से पहले बहुआयामी गरीबी को आधा करने के अपने एसडीजी लक्ष्य को प्राप्त करने की संभावना है। सबसे कमजोर और वंचितों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार के निरंतर समर्पण और दृढ़ प्रतिबद्धता ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत सरकार ने हर प्रकार की गरीबी को कम करने के लक्ष्य के साथ लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## दुनिया भर में लगभग 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित करेगा एआई



एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र ।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक नए विश्लेषण के अनुसार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता दुनिया भर में लगभग में कहा, ज्यादातर परिदृश्यों में, एआई समग्र असमानता को बदतर बना देगा, एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति जिसे नीति निर्माताओं को प्रौद्योगिकी को सामाजिक तनाव को और बढ़ाने से रोकने के लिए सक्रिय रूप से काम करना चाहिए।

## मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान के साथ प्रयागराज में शुरू हुआ माघ मेला



**प्रयागराज एजेंसी।** सर्द हवाओं और ठंडे तापमान का सामना करते हुए, लाखों श्रद्धालुओं ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में नदियों में पवित्र डुबकी लगाई, जो माघ मेले की शुरुआत का प्रतीक है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला राजीव नारायण मिश्रा ने कहा, अर्धसैनिक बलों की कंपनियों सहित लगभग 5,000 कर्मियों की तैनाती के बाद पूरा मेला परिसर एक किले में तब्दील हो गया है और श्रद्धालुओं ने आधी रात से ही पवित्र स्नान करना शुरू कर दिया है। मेला पुलिस ने 15 जनवरी के स्नान के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है और इस अवसर पर लगभग 70 लाख श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान करने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय सम्मेलन में जाएंगी तिरंगा संकुल संगठन, भरींटोला की पदाधिकारी

**मोहला।** 18 जनवरी को नई दिल्ली में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसका थीम '' संकुल स्तरीय संगठन के नेतृत्व से सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण '' है। सम्मेलन का उद्देश्य संकुल स्तरीय संगठन सदस्यों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संकुल संगठन के सुदृढ़ीकरण पर समझ विकसित करना है। उक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में जिले से अच्छा प्रदर्शन करने वाले विकासखण्ड मानपुर के '' तिरंगा संकुल स्तरीय संगठन ग्राम भरींटोला '' से रश्मि राजपूत एवं भानुमति निर्मलकर उक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मिलित होंगी।

### राष्ट्रीय सम्मेलन में जाएंगी तिरंगा संकुल संगठन, भरींटोला की पदाधिकारी

मोहला ( )। 18 जनवरी को नई दिल्ली में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसका थीम '' संकुल स्तरीय संगठन के नेतृत्व से सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण '' है। सम्मेलन का उद्देश्य संकुल स्तरीय संगठन सदस्यों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संकुल संगठन के सुदृढ़ीकरण पर समझ विकसित करना है। उक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में जिले से अच्छा प्रदर्शन करने वाले विकासखण्ड मानपुर के '' तिरंगा संकुल स्तरीय संगठन ग्राम भरींटोला '' से रश्मि राजपूत एवं भानुमति निर्मलकर उक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मिलित होंगी।

### प्रत्येक मंगलवार 12 बजे से होगा कलेक्टर जनदर्शन

अंबिकापुर )। कलेक्टर विलास भोस्कर के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को 11 बजे से समय सीमा की बैठक होगी। इसके बाद जनदर्शन सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। समय सीमा की बैठक के पश्चात मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे से कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

### पीएम विश्वकर्मा योजना में पंजीयन, आधार अपडेशन व आयुष्मान के लिए आज से शिविर



**15 जनवरी से 06 फरवरी तक शिविर में नगर निगम के सभी वार्ड रहेंगे शामिल**

**दुर्ग ।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के संपूर्ण 60 वार्डों में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु लगभग एक माह तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा आधार कार्ड अपडेशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं आयुषमान कार्ड बनाने आम नागरिकों की परेशानियों को देखते हुये निर्देश के बाद आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नगर निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत चिन्हांकित स्थानों पर 15 जनवरी से लेकर 06 फरवरी तक शिविर जोन 1,2,3 व 4 जोन के वार्डो में एक से दो स्थान में तारीखवार शिविर लगाया जाएगा जो सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। शिविर में आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा मोहल्ले में ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का आनलाइन पंजीयन,आधार कार्ड अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने व सुधार की सुविधा उपलब्ध रहेगी।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक व्यवसाय में लगे कारीगर और शिल्पकारों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। कारीगरों की क्षमता, योग्यता और आय बढ़ाने के लिए कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान कर टूलकिट हेतु 15 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान किया जाना है।

---

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम

# लकड़ी के लिए जंगल जाते थे, फिर चूल्हे में देर तक समय लगता था हमारे बच्चे रोते रहते थे : मनकुंवारी

**हम पहाड़ी कोरवा है एक-दो किमी तक चलकर ढ़ोढी-कुआं का गंदा पानी पीने विवश थे, अब पानी-बिजली-घर सब मिल गए, सारी दिक्कत दूर हो गई**

**कई लोगों के जो काम 75 सालों में नहीं हुए, वो जनमन योजना से कुछ दिनों में हो गये- प्रधानमंत्री को पहाड़ी कोरवा महिला मनकुवांरी ने दी अपने जीवन में आये बदलाव के लिए बधाई**



जशपुर जिले के कुटमा ग्राम पंचायत के सलखाडांड की पहाड़ी कोरवा महिला से किया प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संवाद



**एजेंसी।**

प्रधानमंत्री जी, हम लोग पहाड़ी कोरवा हैं। पहाड़ में रहते हैं। एक दो किलोमीटर चलकर ढ़ोढी-कुआं जाते थे और यहां का गंदा पानी पीने विवश थे। इससे अक्सर उल्टी-दस्त हो जाती थी। अब स्वच्छ पानी मिल रहा है। घर भी बन गया और बिजली भी लग गई। यह बात जशपुर जिले से जनमन संगी और विशेष पिछड़ी पहाड़ी कोरवा जनजाति की महिला श्रीमती मनकुंवारी बाई ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन योजना के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग से आयोजित कार्यक्रम के दौरान संवाद में कही।

### प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना

अपना परिचय देते हुए श्रीमती मनकुंवारी ने कहा कि मैं जशपुर जिले के ग्राम पंचायत कुटमा के गांव सलखाडांड से हूँ। मेरे परिवार में पांच सदस्य रहते हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें पूछा कि आपको किन योजनाओं का लाभ मिला। मनकुंवारी ने बताया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर मिला, बिजली भी लग गई। नलजल आ गया, गैस आ गया। प्रधानमंत्री ने पूछा कि इन योजनाओं से आपके जीवन में किस तरह का बदलाव आया। मनकुंवारी ने बताया कि पहले चूल्हा उपयोग करते थे। लकड़ी के लिए जंगल जाना पड़ता था। फिर चूल्हे में देर तक समय लगता था। समय लगने की वजह से बच्चे खाने के लिए रोते रहते थे।

**कौन से व्यंजन बनाती हैं गैस आने के बाद-** प्रधानमंत्री ने पूछा कि अब गैस आ गया है तो नई-नई चीजें भी बनाती होंगी। क्या आपने खाने की कुछ नई चीजें सीखी हैं। प्रधानमंत्री ने स्नेहिल मुस्कान के साथ पूछा कि आप बताओ, हम खाने नहीं आयेंगे। मनकुंवारी ने कहा कि धुस्का बना लेती हूँ भजिया बना लेती हूँ।

**दोना-पत्तल बनाने का काम करते हैं -** प्रधानमंत्री ने पूछा कि आपका स्वयं सहायता समूह किस तरह का काम करता है। क्या इसे किस तरह का प्रशिक्षण मिला है। मनकुंवारी ने बताया कि उनका 12 सदस्यों का एक समूह है। हम लोगों को प्रधानमंत्री वनधन केंद्र में दोना पत्तल का प्रशिक्षण मिला है। हम दोना पत्तल बनाने का काम करते हैं और इसे बेचते हैं।

### आप जनमन संगी है आप लोगों को किस तरह से जानकारी देती है -

प्रधानमंत्री ने पूछा कि आप जनमन संगी है, बताइए लोगों को किस तरह से योजनाओं की जानकारी देती हैं। श्रीमती मनकुंवारी ने बताया कि मैं लोगों के घर-घर जाती हूँ। आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि बनवाती हूँ। इन्हें शिविर में ले जाती हूँ। जो काम 75 वर्ष में नहीं हुआ, वो 25 दिनों में पीएम जनमन योजना के माध्यम से पूरा हो गया। मैं आपको धन्यवाद देती हूँ। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस धन्यवाद के जवाब में मैं भी आपको धन्यवाद देता हूँ। प्रधानमंत्री ने बच्चों से कहा कि आप लोग खेलकूद में भी खूब ध्यान लगाइये। पढ़ाई के साथ खेलकूद से भी नाता होना चाहिए। आजकल खेलकूद में जो अवार्ड मिलते हैं। उनमें आदिवासी क्षेत्र के बच्चे अधिक होते हैं।

---

# भाजयुमो ने किया नवमतदाता लिंक का पोस्टर विमोचन, नव मतदाता सम्मेलन भी होगा

**नमो एप में मिलेगी मोदी सरकार के 10 वर्षों की जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी**




**लोकशक्ति।**

रायपुर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने सोमवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी कार्य योजना बनाई है। इसी परिप्रेक्ष्य में भाजयुमो द्वारा नव मतदाता सम्मेलन किया जा रहा है। इस अभियान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को पूरे देशभर के 5000 एवं छत्तीसगढ़ के 176 स्थानों के नव मतदाताओं से लाइव कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे। इसमें 3 लाख से ज्यादा नवयुवकों से प्रधानमंत्री मोदी सीधे संवाद करेंगे।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भगत ने कहा है कि नमो एप से युवा जुड़कर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 10 वर्षों की जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए एप के माध्यम से 100 दिन का चैलेंज कार्यक्रम रखा जा रहा है। इससे जुड़कर जो युवा उस चैलेंज को पूरा करते हुए शीर्ष पर रहेंगे, उन्हें प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का अवसर मिलेगा।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भगत ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में भाजयुमो आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस चुका है और प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों में जनता के आशीर्वाद से कमल खिलाएंगे। युवा मोर्चा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति के तहत कार्ययोजना बनाई है। इसमें मंडल सशक्तीकरण अभियान, नव मतदाता सम्मेलन, प्रदेश प्रोफेशनल युवा सम्मेलन, प्रदेश क्रीड़ा संगोष्ठी आदि विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से जनता तक पहुँचने का लक्ष्य है। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 सीट जीतेंगे और केंद्र में पुनः मोदी प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे। भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में भारत शीर्ष स्थान में पहुँचा है। आज सभी युवा प्रधानमंत्री से मिलने व सुनने को आतुर रहते हैं।

---

# राज्य सरकार कर्मचारियों के साथ है : लखन लाल देवांगन

**कैबिनेट मंत्री अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के नववर्ष व अभिनंदन समारोह में हुए शामिल**



**रायपुर (संवाददाता)।**

वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। राज्य के अधिकारियों व कर्मचारी वर्ग को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। राज्य सरकार समय-समय पर इस दिशा में सार्थक पहल करेगी। इस आशय का विचार केबिनेट मंत्री देवांगन द्वारा रविवार को कोरबा के अंधरीकछार स्कूल में छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन द्वारा आयोजित नव वर्ष मिलन और अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर व्यक्त किया गया। मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए शासकीय सेवकों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण की दिशा में उचित कदम उठाएगी। हम संवाद सेतु स्थापित कर अधिकारियो और कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे।

मंत्री देवांगन ने कहा कि शिक्षकों के पदोन्नति का मार्ग सुगम होगा और वेतन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। बहुत जल्द राज्य सरकार अपने वादे को पूरा करते हुए जितने भी पदोन्नति के मामले अटके हुए थे, उन पर शीघ्र पहल करेगी।

---

### छत्तीसगढ़ : झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, बैगा जनजाति के हैं तीनों मृतक

**कवर्धा एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है. जिले के वनांचल क्षेत्र कुकदूर थाना के ग्राम पंचायत माठपुर के आश्रित ग्राम नागाडबरा में झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत होने की खबर है.तीनों मृतक बैगा जनजाति के हैं. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नागाडबरा बस्ती में बीती रात 12 बजे के बाद घर में आग लग गई. इस घटना में बुधराम पिता भोपसिंह 35 वर्ष, हिरमतीन बाई पति बुधराम 32 वर्ष व इनके 12 वर्ष के पुत्र जोन्हू की मौत हो गई है.

**राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा जनजाति के है तीनों मृतक**

बता दें कि जिन तीन लोगों की मौत हुई है, वे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा जनजाति के है. घटना स्थल पर शव के निकट गैस सिलेंडर पाया गया है. ऐसे पुलिस यह अनुमान लगा रही है कि सिलेंडर में आग लगने से यह हादसा हुआ होगा. घर का एक हिस्सा गिर गया है. हालांकि, मामले में मर्ग कायम पर जांच में लिया गया है. मलबे में 12 वर्षीय बच्चा फंसा है, जिसे दोपहर 12 बजे तक निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

---

चुनाव | मतदान की तैय्यारी

# मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन

**लोकशक्ति । संवाददाता ।**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के अंतर्गत 13 तथा 14 जनवरी 2024 को जिले के चारों विधानसभा के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां बीएलओ द्वारा नए मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने एवं संसोधित करने की कार्यवाही की गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे ने जिले में आयोजित किए गए विशेष शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर में सभी अविदित अधिकारी तथा बीएलओ द्वारा अपने मतदान केन्द्र के मतदाता सूची, फार्म 6, फार्म 7 एवं फार्म 8 के साथ उपस्थित थे। साथ ही मतदान केंद्रों में बीएलओ द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से भी नए मतदाताओं का फॉर्म 6 भरकर नाम जोड़ा गया एवं फार्म 7 व 8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम संसोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिले के सभी विद्यालयों एवं कॉलेजो में भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उक्त तिथियों को आयोजित शिविर के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु 3100 आवेदन प्राप्त हुए है साथ ही नाम संशोधन हेतु 1400 आवेदन प्राप्त हुए है। गौरतलब है कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 06 जनवरी 2024 को किया गया है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण किए हुए नए मतदाता फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। मृत, स्थाई रूप से स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए फॉर्म-7 भरे जाएगे। फोटो परिचय पत्र में त्रुटि सुधार, डुप्लीकेट परिचय पत्र, एक स्थान से दूसरे स्थान पर नाम स्थानांतरित करने के लिए फॉर्म-08 भरे जाएंगे। साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्र में दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक मतदान केन्द्र में नियुक्त अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ द्वारा स्वीकार किए जाएंगे एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी को किया जाएगा।



---

### कलिंगा विश्वविद्यालय में बिजनेस प्लान प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

**एजेंसी।**

6 जनवरी, 2024 को, कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर, सीजी में वाणिज्य और प्रबंधन संकाय द्वारा आयोजित बिजनेस प्लान प्रतियोगिता, आइडियाथॉन 3.0, सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । यह प्रमुख कार्यक्रम 2021 से एक वार्षिक परंपरा रही है और यह इस वर्ष 5 और 6 जनवरी 2024 को हाइब्रिड मोड में हुआ।

इस प्रतिष्ठित व्यावसायिक प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में छत्तीसगढ़ के अनेक प्रमुख उद्यमी शामिल थे जिनमें सुश्री नम्रता यदु (निदेशक, छत्तीसगढ़ मशरूम), श्री अमनदीप सिंह भाटिया (गिफ्ट क्या दे के संस्थापक), सुश्री नम्रता तातिया (एक्यूलीगल के संस्थापक), श्री अभिजीत शर्मा (बिजनेस मैनेजर, आईजीकेवी आरकेवीवाई), श्री अतुल प्रधान (एसएएआर एग्रीवेट कंसल्टेंसी के संस्थापक), श्री सोमेश शर्मा (ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ आईटी सर्विसेज लिमिटेड के सह-संस्थापक), श्रीमती बी शिरिषा (क्वालिटी हेड, ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ आईटी सर्विसेज लिमिटेड) ), और श्री रजत जैन (ऑटोमेशन लीड, ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ आईटी सर्विसेज लिमिटेड) शामिल थे। कलिंगा विश्वविद्यालय के के आंतरिक न्यायाधीशों में कुलपति डॉ. आर. श्रीधर और महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन शामिल थे। 5 जनवरी को कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सभी अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। सम्मानित अतिथि सुश्री नम्रता यदु और श्री अमनदीप सिंह ने प्रतिभागियों के साथ अपने दृष्टिकोण साझा किए।

## खास खबर

### श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले के मंदिरों में भी चलेगा स्वच्छता अभियान

**गरियाबंद।** भगवान श्री राम के जन्म भूमि अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित ''श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव'' की तैयारी देशभर में की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आसपास के मंदिरो में सफाई अभियान चलाने का आह्वान किया है। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले के धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों में भी स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज आयोजित बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को जिले के मंदिरों में साफ-सफाई, रंग रोगन एवं आवश्यक मरम्मत आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही मंदिरों के सजावट आदि भी सुनिश्चित करने को कहा। 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा में पूरे देशभर में दिवाली जैसा माहौल रहेगा। देशवासी मंदिरों से लेकर अपने घरों में भी दीप जलाकर श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मनाएंगे। कलेक्टर ने बैठक में सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को मंदिरों के साफ- सफाई एवं लोगो को स्वच्छता के लिए जागरूक करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिये।

### स्वस्थ शरीर रखे स्वस्थ मन, स्वस्थ मन रखे सुरक्षित जन' थीम के साथ सड़क सुरक्षा माह 2024 का आगाज

**रायपुर।** अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा एवं यातायात पुलिस रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से आज प्रात: 6.30 बजे से शहर के अनुपम गार्डन में 'स्वस्थ शरीर रखें स्वस्थ मन, स्वस्थ मन रखें सुरक्षित जन' थीम पर योग, एरोबिक्स, जुंबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएं एवं अनेक स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने अनुपम गार्डन परिसर रायपुर में अच्छे स्वास्थ्य एवं लोक जागरूकता के शानदार इवेंट में सहभागी बनें। प्रति वर्ष सड़क सुरक्षा माह के दौरान इस वर्ष भी रोड सेफ्टी लीड एजेंसी एवं यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जन सामान्य में यातायात नियमों के अनुपालन के लिए यातायात जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान में छत्तीसगढ़ की अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं, एनसीसी, स्काउट्स, गाइड्स, एनएसएस सहित अन्य संगठन मिलकर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों में यातायात पुलिस के प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा शहर के विभिन्न शैक्षणिक, समाजसेवी संस्थाओं, उद्यानों, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, ग्राम पंचायत, चौपालों, प्रमुख बाजार क्षेत्र में जाकर आम नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। साथ ही नियमों के पालन से सुरक्षित वाहन चालन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में 'कोपलवाणी' के विशेष बच्चो सहित 'स्टे फिट विथ मि' फिटनेस ग्रुप, येलो फिटनेस आर्मी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्काउट्स, पीटीएस माना के प्रशिक्षक प्रशिक्षणार्थी, परमालय योग साधक सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ एवं ज्ञानर्जन किया।

# मुख्यमंत्री ने किया तातापानी को पर्यटन स्थल घोषित

लोकशक्ति



**रायपुर।** तातापानी की धरती बहुत पवित्र धरती है। यह धरती रामकथा से जुड़ी है। तातापानी महोत्सव का आरंभ हमारी सरकार ने ही किया था। इसके बाद हर साल यह महोत्सव भव्य रूप लेता जा रहा है। तातापानी को पर्यटन स्थल के रूप में मैं घोषित करता हूँ। यहां पर्यटन विभाग का मोटल आरंभ करेंगे। तातापानी क्षेत्र के विकास के लिए आने वाले समय में मास्टर प्लान भी तैयार किया जाएगा। तातापानी महोत्सव में शामिल होने जिला बलरामपुर-रामानुजगंज पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रघुनाथनगर में महाविद्यालय की घोषणा भी की, साथ ही डीपाडीह कला में नवीन पुलिस चौकी की घोषणा भी की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सरगुजा संभाग की जनता को मकर संक्रांति की बधाई के साथ ही उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि सरगुजा की जनता ने मोदी जी की गारंटी पर भरोसा किया। हम आपके भरोसे पर खरा उतरेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच सालों में छत्तीसगढ़ का जो विश्वास रूक गया था, वो अब तेजी से होगा। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों को बहुत तेज गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तातापानी का संबंध माता सीता से है। यह बहुत पवित्र स्थल है। यह हम लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। हमें इस महत्वपूर्ण आयोजन को देखते हुए पूरा माहौल राममय कर देना है। हर जगह भजन-कीर्तन आदि माध्यमों से पूरा माहौल भक्तिमय करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की गारंटी के अनुरूप सभी वायदे पूरा करेंगे। क्षेत्र की जो मांगें हैं उन्हें भी पूरा करेंगे।

इस मौके पर संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तातापानी में भगवान राम-सीता जी के पवित्र चरण पड़े। हमारा सौभाग्य है कि हमने ही 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय में तातापानी महोत्सव की शुरूआत की थी। हमारी आस्था के केंद्रों के विकास का काम मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है। प्रभु राम 22 तारीख को आ रहे हैं। उनके आगमन की भव्य तैयारी करनी है। तातापानी के राम कथा से संबंधित महात्म्य के बारे में तथा यहां के जल के बारे में बताते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसी पवित्र जगह पर 400 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं उन्हें भी मैं शुभकामनाएं देता हूँ। इस मौके पर कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने भी उपस्थितजनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तातापानी का पर्यटन स्थल के रूप में इस तरह से विकास करना है कि पूरे देश के नक्शे में इसका नाम आ जाये। उन्होंने इसके विकास की संक्षिप्त रूपरेखा भी बताई।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संजीव गोंड, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री निशा नेताम, वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, संभाग आयुक्त जी.आर. चुरेंद्र, आईजी अंकित गर्ग, सीसीएफनवीद सुजाउद्दीन अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## स्वच्छता का पालन समाज के प्रति सच्चा समर्पण है - जितेन्द्र वर्मा



**दुर्ग।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देशभर के सभी तीर्थ स्थलों मंदिरों एवं पूजा स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर पहले दिन चण्डी शीतला मण्डल द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व एवं दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव की विशेष उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 7 लुचकीपारा में श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया तत्पश्चात लुचकी तालाब के किनारे स्थित आसपास के गणेश मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर के परिसरों की साफ सफाई की गई। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा और विधायक गजेंद्र यादव ने स्वयं हाथ में झाड़ू पकड़कर मंदिरों के अंदर और बाहर साफ सफाई की।

स्वच्छता अभियान प्रारंभ होने से पहले कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति के बाद स्वच्छता सबसे बड़ी भक्ति है। तीर्थ स्थलों और मंदिरों में स्वच्छता अभियान के माध्यम से पुण्य का भागी बनने का सबसे बड़ा अवसर आया है। भाजपा नेतृत्व का स्पष्ट संदेश है, अयोध्या में विराजेंगे श्रीराम और स्वच्छ होंगे सभी मंदिर, तीर्थ और धाम भाजपा नेतृत्व के संदेश को धरातल पर लाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर 22 जनवरी तक प्रतिदिन 2 से 3 घंटे मंदिरों और पूजा स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाएं। रामभक्तों के 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष और बलिदान से वो ऐतिहासिक और पावन क्षण आने वाला है जिसकी प्रतिक्षा बरसों से हर सनातनी को थी, इस क्षण में पूजा स्थलों और मंदिरों के आसपास की साफ सफाई करके भक्ति करेंगे।

## मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में मोदी की गारन्टी को किया जा रहा पूराः उपमुख्यमंत्री

**रायपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कवर्धा जिले के ग्राम खड़ौदा खुर्द और रबेली में प्रथम आगमन पर ग्रामवासियों ने आतिशबाजी व तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा आज अपने प्रवास के दौरान ग्राम खड़ौदा के बाजार चौक में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों, युवाओं और महिलाओं से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों की मांग पर मदनपुर स्कूल और खड़ौदा स्कूल में विद्यार्थियों के लिए पेयजल व्यवस्था को विशेष ध्यान में रखते हुए हैण्डपम्प खनन और खड़ौदा में बिजली लाइन विस्तार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम रवेली में यज्ञ स्थल में मंच के लिए 2 लाख, शनिदेव प्रागण के बाउंड्रीवाल के लिए 7 लाख, संस्कृति मंच के लिए 2 लाख रूपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारन्टी को पूरा कर रही है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवार को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृत दी है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान 3100 रूपए में खरीदी की जा रही है। राशनकार्डधारी परिवारों को अगले 5 साल तक नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। इससे 67 लाख 92 हजार 153 परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) भर्ती मामले की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है।

## दिव्यांग बच्चों के सानिध्य में श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा पतंग महोत्सव का आयोजन




**भिलाई।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री चतुर्भुज मेमोरियल फ ाउंडेशन द्वारा पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिव्यांग क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 भिलाई में किया गया। इस आयोजन में छ.ग. दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ी, दिव्यज्योति नेत्रहीन आवासीय विद्यालय के छात्र - छात्राएं एवं छ.ग. के विभिन्न जिलों से व्हील चेयर, डीफ एंड डम्ब क्रिकेट खिलाड़ी तथा सकल गुजराती समाज दुर्ग के सदस्य, संस्था के वरिष्ठ नागरिक सदस्य भी शामिल हुए।

विशिष्ट अतिथियों के स्वागत से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी तत्पश्चात दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय से आए विद्यार्थियों द्वारा संगीत प्रस्तुति दी गयी इसके उपरान्त बच्चों को पतंग एवं चित्रकारी सामग्री वितरित की गयी जिसके उपरान्त पतंग उड़ाने का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया इसके साथ ही छ.ग. दिव्यांग क्रिकेट के खिलाड़ियों तथा छ.ग. के अन्य जिलों से आए खिलाड़ियों द्वारा क्रिकेट मैच खेला गया 7 इस कार्यक्रम में गुजराती समाज के कुछ सदस्यों द्वारा संगीत प्रस्तुति भी दी गयी और इस कार्यक्रम को वहां उपस्थित गुजराती समाज एवं सभी अतिथियों द्वारा गरबा की प्रस्तुति देकर समाप्त किया गया । आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, समाजसेवी विष्णु पाठक, वरिष्ठ पत्रकार ई.वी. मुरली, अरविन्द सिंह, राजेंद्र सोनबोईर, मयंक चतुर्वेदी एवं प्रेस क्लब की अध्यक्ष भावना पाण्डेय, सुश्री कोमल धनेसर उपस्थित थे। संस्था के संस्थापक डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत - सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर ने कहा की दिव्यांग बच्चों के साथ इस पर्व को मनाने का विचार प्रशंसनीय है तथा हमें समाज के साथ जोड़े रखता है। सकल गुजरती समाज के अध्यक्ष श्री सुरेश चावड़ा जी ने इस आयोजन की प्रशंसा की तथा आगे भी वे संस्था के साथ जुड़कर इस तरह के आयोजनों में अपना सहयोग देते रहेंगे।

इस आयोजन के दौरान श्री चतुर्भुज के संस्थापक डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मकर संक्रांति के इस पर्व के माध्यम समाज को यह सन्देश देना चाहता हूँ की यह संस्था सदैव सभी के लिए एक खुले आसमान की तरह है जो सबको मौका देती है कि वे अपने जीवन के सपने को हमारे साथ जुड़कर पूरा करने का प्रयास करें।

# संत कबीरदास के संदेश से छत्तीसगढ़ में बन रहा है प्रेम एवं सद्भाव का वातावरणः उपमुख्यमंत्री



रायपुर। संत कबीर दास जी के संदेश का प्रभाव से ही छत्तीसगढ़ में हमेशा प्रेम और सद्भाव का वातावरण रहा है। कबीर दास जी सामाजिक कुरूतियों पर जमकर प्रहार किया और इन कुरूतियों को दूर करने के लिए मार्ग दिखाया। उनके दिखाए गए मार्ग आज भी प्रासंगिक है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बेमेतरा जिले के ग्राम लोलेसरा में चल रहे चार दिवसीय पंथ हुजूर उग्रनाम साहेब स्मृति में कबीर पंथ के संत समागम मेला को सम्बोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल भी शामिल हुए। मंत्रीद्वय शर्मा और बघेल के साथ ही विधायक दीपेश साहू और विधायकईश्वर साहू ने कबीर पंथ के गुरू प्रकाश मुनिनाम साहेब का आशीर्वाद भी लिया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीर पंथियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेला में किसी श्री श्रद्धालु को कोई भी समस्या न हो इसके लिए प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि संत समागम मेले की ख्याति दूर-दूर तक है। बड़ी संख्या में कबीर साहब को मानने वाले अनुयायी हर साल यहां आते हैं। मेले में छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों से कबीर के अनुयायी बड़ी संख्या में पहुंचे हुए हैं। खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने कहा कि उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरा भारत संत, महापुरूष और ऋषिमुनियों का देश है। संत कबीर ने अपनी वाणी के माध्यम से लोगों को सामाजिक समरसता का संदेश दिया। वर्तमान समय में उनके विचार और अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। हम सबके प्रयासों से छत्तीसगढ़ को देश का खुशहाल एवं समृध्द राज्य बनाएंगे।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि ग्राम लोलेसरा में भव्य मेला का आयोजन हो रहा है और जिसमें हम सभी संतों का दर्शन का उनका आशीर्वाद ले रहे हैं। संत संमागम मेला का यह 10वां साल है। यह मेला पंथ श्री हुजुर उग्रनाम साहेब के स्मृति में प्रारंभ हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मेला का शुभारंभ प्रकाशमुनि साहेब के नेतृत्व में हुआ और उन्ही की स्मृति में हम प्रत्येक वर्ष संत समागम मेले का आयोजन करते हैं। इस मेले में लगभग 3 तीन लाख श्रद्धालु सम्मिलित हुए हैं। उन्होने मेला समिति के सदस्यों को सेवाभाव के लिए बधाई एवं शुभाकामनाएं दी।

संत समागम मेले में पंथ श्री प्रकाश मुनिनाम साहब ने भी कबीर के उपदेशों की महिमा बताई। कबीरपंथ के गुरू श्री प्रकाश मुनिनाम साहेब ने कहा कि कबीर पंथ कोई धर्म या जाति नहीं, बल्कि सत्गुरु कबीर साहेब द्वारा दिखाया हुआ एक मार्ग है। इस मार्ग पर चलकर हर धर्म, जाति और मजहब का व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। गुरू श्री प्रकाश मुनिनाम साहेब ने कहा कि कबीरपंथ में मान्यता है कि हर व्यक्ति के अंदर ईश्वर और परमात्मा का वास है, उसी को सम्मान देते हुए साहेब बंदगी कहते है। उन्होंने कहा है कि कबीरपंथ ने सर्व मानव समाज को एक-दूसरे को जोड़ने का एक सदाचार और सत्य का मार्ग

## पीएम जनमन से जिले के बिरहोर परिवारों तक पहुंचने लगी विकास की राह

**रायगढ़।** पीएम जनमन योजना से अब विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के बसाहट वाले क्षेत्रों की तस्वीर बदलने लगी है। प्रधानमंत्री जनमन योजना से इन क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क जैसी अनेक सुविधाएं मुहैया होने लगी है। इसके साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिलने लगा है। इसी कड़ी में अब रायगढ़ जिले के बिरहोर बसाहट क्षेत्रों में 510 करोड़ रूपये की लागत से 6.88 किलो मीटर की 5 सड़के स्वीकृत हुई है। जिससे अब उन क्षेत्रों में आवागमन के लिए साथ ही विकास की राह आसान होगी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 333 सड़क जिसकी लंबाई 1179.845 कि.मी.लागत 847.35 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। जिसमें रायगढ़ जिला अंतर्गत 5 सड़क लंबाई 6.88 कि.मी.लागत 510 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कार्यालय कार्यपालन अभियंता, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, रायगढ़ ने पीवीजीटी बसाहटों को जोडने वाली सड़कों की बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विकासखण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत सड़क टी.01 कुम्हीचुआ से चिखलापानी 1.20 कि.मी. लंबाई के लिए 100.14 लाख रुपये स्वीकृत हुए है। इसी तरह धरमजयगढ़ के सड़क एल.043 धौराभांठा से बसंतपुर के लिए 162.60 लाख रूपये की लागत से 2 कि.मी.की सड़क बसंतपुर से उरांवपारा तक जुड़ेगी। साथ ही धरमजयगढ़ अंतर्गत सड़क टी.07 बरपाली से बिरहोर मुहल्ला तक 70.56 लाख रुपये की लागत से 0.90 कि.मी.की सड़क बनेगी।

लैलूंगा अंतर्गत सड़क टी.08 झगरपुर बिहामाटी से बिरहोर बस्ती के लिए 1.70 कि.मी. जिसकी लागत 100.50 लाख रूपये है। इसी तरह तमनार अंतर्गत सड़क एल.045 पीएमजीएसवाय रोड (आमाघाट)से सीतापारा बिरहोर मुहल्ला के लिए 76.20 लाख रुपये की लागत से 1.08 कि.मी.लंबाई की सड़क निर्माण स्वीकृत हुई है।



### जागरूकता बढ़ाने वाहन चालकों का होगा प्रशिक्षण

**रायपुर, संवाददाता।** अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा के अध्यक्ष श्री संजय शर्मा ने जानकारी दी है कि सड़क सुरक्षा माह 2024 के दौरान जनजागरूकता हेलमेट रैली, सड़क सुरक्षा पर, वाहन चालकों का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण, आंखों की जांच, स्कूल दिवस में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने स्लोगन, निबंध, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजना करना, ई-रिक्शा वाहन चालकों का प्रशिक्षण, बस वाहन चालकों का प्रशिक्षण, गणतंत्र दिवस समारोह में सड़क सुरक्षा पर झांकी एवं बैनर पोस्टर फ्लैक्स, एम्बुलेंस ड्रायविंग ट्रेनिंग, वाहनों का फिटनेस, रेडियम स्ट्रीप्स आदि की जांच एवं संधारण, शराब सेवन कर वाहन चालन से नुकसान पर कार्यक्रम का आयोजन होगा।

संपादकीय

## रामलला के दर्शन को पूरी दुनिया उत्साहित

मोदी ने कहा कि ये मौका पांच सौ सालों के प्रयासों से, सैकड़ों पीढ़ियों के तप से आया है। वो इस पल के साक्षी बन रहे हैं, इसलिए उनके भीतर भावनाओं का ज्वार है। मोदी ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिनों तक उन्हें जिन परंपराओं का पालन करना है, ईश्वर के यज्ञ के लिए, आराधना के लिए, स्वयं में दैवीय चेतना जाग्रत करनी होती है,शास्त्रों में बताए गए यम नियम का पालन करना है,उसे वो उनका पूरी श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक शक्ति के साथ पालन करेंगे। मोदी ने कहा कि जिस पल वो गर्भगृह में जाएंगे, वो पल कैसा होगा, क्या अनूभुति होगी, ये सोचकर वो भावनाओं के समंदर में डूबे हुए हैं। मोदी ने कहा कि जिस पल वो गर्भगृह में प्रवेश करेंगे, उस वक्त देश के 140 करोड़ लोग मन से उनके साथ जुड़े होंगे, वह 140 करोड़ लोगों के भावों को, भक्ति को रामलला के चरणों में समर्पित करेंगे। नरेंद्र मोदी की आस्था,उनका संकल्प और शास्त्रों में बताए गए कठिन नियमों का पालन करने के उनके निश्चय को देखकर कालाराम मंदिर के पुरोहित भी हैरान थे। कई पुरोहितों का कहना था कि उन्होंने ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा जो अपने काम के साथ-साथ कठिन व्रत का पालन करता हो। मोदी ने अपने ऑडियो मैसेज में जो कहा, उसका एक एक शब्द देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं की अभिव्यक्त करने वाला था। आज दुनिया भर में फैले रामभक्तों में यही भाव है, हर कोई सबसे पहले रामलला के दर्शन करना चाहता है, हर कोई अयोध्या जाकर एक बार भव्य राममंदिर को निहारना चाहता है। ये सही है कि पांच सौ सालों की तपस्या के बाद से एतिहासिक मौका आया है। अयोध्या किसी भी रामभक्त के लिए युद्ध, बर्बरता, अत्याचार, अन्याय या जुल्म का प्रतीक नहीं है। अयोध्या भगवान राम की जन्मभूमि होने के साथ-साथ आपसी सदभाव, आध्यात्म, सनातन संस्कृति और रामराज का प्रतीक है और पांच सौ साल के बाद अयोध्या का यही स्वरूप वापस लौट रहा है।



## भूत, वर्तमान, और भविष्य की लोगों की समझ कमजोर

–सुनील कुमार

अभी कुछ दिन पहले हमने एक कामयाब कारोबारी महिला के बारे में इसी जगह लिखा था जिसने अपने चार बरस के बच्चे का कत्ल कर दिया था। अब पुलिस पूछताछ में जब और बातें सामने आई हैं तो पता लग रहा है कि पति के साथ उसकी तनातनी चल रही थी, और अदालत में बच्चे को पाने के लिए दोनों के बीच मामला चल रहा था, इस बीच पति को अदालत ने हर कुछ दिनों के बाद बेटे से मिलने की इजाजत दी थी लेकिन पत्नी उसे मिलने नहीं दे रही थी कि बाप का बच्चे पर बुरा असर पड़ रहा है। इस महिला का लिखा हुआ एक नोट भी बरामद हुआ है जिसमें उसने पति को हिंसक बताते हुए कहा है कि वह बेटे का इस्तेमाल कर रहा है, और वह (पत्नी) अब और बर्दाश्त नहीं कर सकती। उसने पति पर बेटे को बुरे संस्कार सिखाने की तोहमत भी लगाई।

तलाक और बच्चों का हक पाने के मुकदमे बहुत बुरी नौबत पर पहुंचते हैं। तलाक देने के लिए, या न देने के लिए पति-पत्नी की तरफसे सच्चे और झूठे, कई किस्म के ओछे आरोप लगाए जाते हैं, और बहुत से मामलों में तो सार्वजनिक बदनामी से बचने के लिए दो में से कोई एक साथी हथियार डाल देते हैं, और नाजायज समझौता भी मंजूर कर लेते हैं। इसके अलावा बहुत से मामलों में यह भी देखने आता है कि भूतपूर्व पति, या भूतपूर्व पत्नी तलाक की कार्रवाई पूरी हो जाने के बाद भी एक-दूसरे के पीछे लगे रहते हैं, और मानो उनकी जिंदगी का मकसद भूतपूर्व साथी का जीना हराम करना ही हो जाता है। ऐसे में अगर किसी एक साथी को सत्ता या पैसों की ताकत भी हासिल रहती है, तो वे इस हिंसक प्रताडऩा को करते हुए एक मजा भी लेने लगते हैं। इस बात को भी लोग भूल जाते हैं कि ऐसी तमाम गंदी हिंसा का बच्चों पर क्या असर पड़ेगा।

अब शादीशुदा जोड़ों से परे अगर देखें, तो इंसान का मिजाज ही अपने भूतकाल के साथ जीते हुए, अपने को नापसंद लोगों के वर्तमान और भविष्य को तबाह करने का रहता है। कई लोगों के पास इसके लिए वक्त रहता है, कई लोगों के पास वक्त के साथ-साथ ताकत भी रहती है, और कई लोग बेबस और कमजोर रहते हैं जो कि चाहकर भी अपने भूतकाल के संबंधों का कुछ नहीं बिगाड़ सकते। लोग अपने भूतपूर्व प्रेमी, या प्रेमिका, भूतपूर्व मालिक, या नौकर, भूतपूर्व भागीदार, या दोस्त, किसी भी भूतपूर्व के साथ सामान्य नहीं रह पाते। बहुत से भूतपूर्व मालिक इस बात में लगे रहते हैं कि उनकी नौकरी छोड़े हुए लोगों को कहीं और काम न मिले। कई भूतपूर्व कर्मचारी पिछले मालिक के राज खोलते हुए उसे बदनाम करने, और मुमकिन हो तो बर्बाद करने, को ही अपना मकसद बना लेते हैं। आज सोशल मीडिया के जमाने में इस तरह का हिसाब चुकता करना बहुत आम बात है। किसी एक वक्त अच्छे दोस्त रहे लोग भी अगर आज साथ नहीं रह गए, तो वे एक-दूसरे की बर्बादी चाहते हैं, और अच्छे वक्त में साझा की गई जानकारी का जमकर बेजा इस्तेमाल करने पर उतारू रहते हैं।

इंसान की फितरत मालिकाना हक की अधिक रहती है, जिस तरह लोग जर, जोरू, और जमीन के मालिकाना हक का दावा करते हैं, उसी तरह का दावा लोग किसी भी तरह के संबंधों में करने लगते हैं कि साथ नहीं रह गए, तो दूसरे को रहने ही नहीं देना है। खासकर शादीशुदा रिश्तों में ऐसे स्थाई तनाव का सबसे बुरा असर बच्चों पर पड़ता है जिनके सामने अलग-अलग रह रहे मां-बाप अमूमन एक-दूसरे को खराब मिसाल बताते रहते हैं। किसी वक्त भागीदार रहे लोग भी अलग हो जाने पर एक-दूसरे के धंधे के खिलाफपुराने राज निकालकर बांटने लगते हैं।

**यह निजी विचार है।**

# घरेलू पर्यटन प्रोत्साहन से मालदीप क्यों बौखलाया?



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



नववर्ष पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लक्षद्वीप की यात्रा पर क्या गये, चीन की कटपुतली बने मालदीव को मिर्ची लग गयी। वहां की नई सरकार और वहां के तमाम लोग इसे अपने पर्यटन उद्योग के लिये गंभीर खतरा मानते हुए भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक एवं गैर-जिम्मेदार टिप्पणियां कर दी, नासमझी में की गयी ये टिप्पणियां मालदीप के लिये इतनी भारी पड़ गयी कि भारतीय पर्यटकों ने जहां अपनी मालदीप की यात्रा को रद्द करना प्रारंभ कर दिया, वहीं भारत सरकार की तरफसे भी ऐतराज जताया गया। भारत की त्वरित कार्रवाई को देखकर मालदीप सरकार घबरा गयी और उसने अपने मंत्रियों के बयान से किनारा कर लिया लेकिन साफहै कि भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई दे रहे है। मालदीव की तरफसे लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आ रहे हैं लेकिन भारत की तरफसे फिर भी संतुलित नीति अपनाई जा रही है। मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं है, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है।

भारत ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक-प्राकृतिक पर्यटन से समृद्ध देश है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि लुप्तप्राय: भारत के पर्यटन को नया जीवन एवं ऊर्जा मिल रही है। मोदी ने लक्षद्वीप दौरे के साथ ही वहां के पर्यटन को प्रोत्साहित किया। इसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे पास भी खूबसूरत समुद्र तट है। इसी के साथ उन्होंने कहा था कि जो लोग रोमांच को पसंद करते है, लक्षद्वीप उनकी टॉप लिस्ट में होना चाहिए। इसके बाद गूगल पर अचानक लक्षद्वीप को सर्च करने वालों की संख्या बढ़ गई। इसी के साथ सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की खूबसूरत तस्वीरे पोस्ट की जाने लगी। यह बहस चल पड़ी कि जब देश में इतनी खूबसूरत जगह है तो अपनी छुट्टी मनाने कहीं और क्यों जाएं? लोगों को मालदीव की बजाय लक्षद्वीप जाना चाहिए। इससे खफा होकर मालदीव के मोहम्मद मुइज्जु मंत्रीमंडल के तीन मंत्रियो मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान ने जो आपत्तिजनक टिप्पणी की और वहां की सरकार को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपने इन तीनों मंत्रियों को हटाना पड़ा है। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख के द्वीपों को प्रमोट किया जाता है तो जाहिर है कि भारत से मालदीव जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आएगी, जिसका विपरीत असर वहां के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा।

असल में भारत के लोग सैर-सपाटे के शौकीन हैं और इसके लिए वे विदेश जाते हैं तो इससे देश की आर्थिक व्यवस्था पर व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। बड़ी मात्रा में देश की धनराशि तत्काल बाहर जाती है। स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहन देकर यह धनराशि देश में ही रोकी जा सकती है, इससे स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और अंततः जीडीपी को बढ़ावा दिया जा सकता है। विदेशी पर्यटन पर खर्च से न केवल घरेलू आर्थिक गतिविधियों की गति बढ़ाने का अवसर गंवा दिया जाता है, बल्कि व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। वहीं घरेलू पर्यटन स्थलों का अपेक्षित दोहन नहीं होने से उन क्षेत्रों में सभांवित निवेश प्रभावित होता है। वहां विकास गतिविधियां थम सकती हैं, जिससे स्थानीय आर्थिकी सिकुड़ सकती है। वर्तमान भाजपा सरकार इन स्थितियों पर लम्बे समय से ध्यान दे रही है। उसने पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक योजनाएं बनाई है। 'देखो अपना देश' और 'स्वदेश दर्शन योजना' के मूल में घरेलू पर्यटन को बढ़ाना देना ही है। थीम आधारित टूरिस्ट सर्किट भी इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिए विकसित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ईको पर्यटन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'अमृतं धरोहर' जैसी पहल की गई है। राज्य सरकारों को भी इसके लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करने होंगे। स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और उत्पादों के आधार पर वे पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं। उन्हें सैलानियों की सुविधाओं के साथ ही सुरक्षा, विशेषकर दूर-दराज के इलाकों में उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करना होगा। पर्यटन के स्तर पर नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं। हम विदेश में तो कड़े नियमों का पालन करते हैं, लेकिन अपने देश में नियम तोड़ते रहते हैं। याद रहे कि सबका साथ-सबका विकास में सबका प्रयास ज्यादा महत्वपूर्ण एवं प्रभावकारी है। भारत का पर्यटन क्षेत्र विपुल संभावनाओं से भरा है। इससे जुड़ी संभावनाओं को भुनाने से न केवल हमारी विरासत सशक्त होगी, बल्कि आर्थिक वृद्धि और सांस्कृतिक संरक्षण के साथ ही राष्ट्रीय गौरव भी बढ़ेगा।

भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूंबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। विदेश मामलों के जानकार हर्ष वी. पंत का भी मानना है कि अगर तल्खी बढ़ती है तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की कोशिश कर सकता है। जिसका भारत खयाल रखेगा। इसलिए भारत सरकार की तरफसे संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफसे तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जा रहा है। चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। लेकिन मोदी ने उनकी इन कुचेष्टाओं को निस्तेज करने के लिये लक्षद्वीप का सहारा लिया है। लक्षद्वीप देश में सबसे शांत स्थानों में से सुंदर और एक है। यहां कुल 36 द्वीप, 12 एटोल, तीन चट्टानें है। निश्चित ही मोदी की इस यात्रा के बाद लक्षद्वीप में बड़े पैमाने पर पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक प्रयत्न होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। न सिर्फभारत के आम लोग, बल्कि सेलिब्रिटी भी अब मैदान में है और पीएम मोदी और भारत के बारे में कही गई मालदीव के नेता की टिप्पणी का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि देश पहले है, देश का सम्म्मान एवं विकास पहले हैं। हमारा लक्षद्वीप किसी से कम नहीं है। कई भारतीय इस दावे के साथ कैंसल टिकट का स्क्रीन शॉट पोस्ट कर रहे हैं कि उन्होंने मालदीव जाना तय किया था, लेकिन अब वह अपना प्लान बदल रहे है। कई युवाओं ने पोस्ट किया है मालदीव जैसे देशों की टूरिज्म इंडस्ट्री में भारतीयों का बड़ा योगदान है। इसके बावजूद मालदीव के नेताओं के बिगड़े बोल बर्दाशत नहीं किए जा सकते हैं।

मालदीव की प्रमुख हस्तियों की भारतीयों पर घृणित और नस्लवादी टिप्पणियाँ विडम्बनापूर्ण एवं आश्चर्यकारी है। क्योंकि कि वे ऐसा उस देश के लिए कर रहे हैं जो उन्हें सबसे अधिक संख्या में पर्यटक भेजता है। भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के प्रति अच्छा रहा हैं लेकिन हमें ऐसी अकारण नफरत क्यों बर्दाशत करें? निश्चित ही इस तरह की अपमानजनक टिप्पणियों के जरिये दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव ही पडेगा। निश्चित ही मालदीप की सार्वजनिक हस्तियों को मर्यादा एवं भाषा का विवेक रखना चाहिए। भारतीय यदि मालदीव का बहिष्कार करने लगा तो वहां अर्थव्यवस्था चरमरा जायेगी।

**यह निजी विचार है।**

# विविध परम्पराओं के साथ हर्षोल्हास से मनाया जाता है मकर संक्रान्ति का पर्व

– डॉ. प्रभात कुमार सिंघल

परंपरा से प्रतिदिन सूर्य को जल से अर्घ्य देने की प्राचीन परंपरा निरन्तर चली आ रही हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य देव प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देने वाले देवता हैं। वेदों में सूर्य का उल्लेख विश्व की आत्मा और ईश्वर के नेत्र के रूप में किया गया है।

सूर्योपासना का सबसे बड़ा पर्व मकर संक्रान्ति भारत में विविध परम्पराओं के साथ हर्षोल्हास से मनाया जाता है। उत्तर भारत के राज्यों में पवित्र नदियों में स्नान कर तिल, गुड, खिचड़ी, उड़द, चावल, वस्त्र दान देने परंपरा है। तमिनाडु में पोंगल, असम में बिहू के रूप में, बिहार में खिचड़ी के रूप में मनाने की परम्पराएँ हैं। इस पर्व पर दान का विशेष महत्व है। नेपाल में भी इस पर्व को बड़े चाव से मनाया जाता है। वहां का थारु समुदाय का यह विशेष पर्व है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में आता है अतः कहीं-कहीं इसे उत्तरायणी भी कहा जाता है। बताया जाता है इस दिन गंगा जी भगीरथ के पीछे-पीछे चल कर कपिल मुनि के आश्रम से हो कर सागर में उनसे मिली थी एवम् भीष्म पितामह ने अपनी देह त्याग के लिए मकर संक्रांति के दिन का चयन किया था। पश्चिमी बंगाल में गंगा सागर स्नान का बड़ा महात्म्य है।

परंपरा से प्रतिदिन सूर्य को जल से अर्घ्य देने की प्राचीन परंपरा निरन्तर चली आ रही हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य देव प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देने वाले देवता हैं। वेदों में सूर्य का उल्लेख विश्व की आत्मा और ईश्वर के नेत्र के रूप में किया गया है। सूर्य की पूजा से जीवनशक्ति, मानसिक शांति, ऊर्जा और जीवन में सफलता की प्राप्ति होती हैं। यही वजह है कि लोग उगते हुए सूर्य को देखना शुभ मानते हैं और सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मान्यता है कि रविवार के दिन सूर्य देव का व्रत रखने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

वैदिक काल से ही भारत में सूर्योपासना का प्रचलन रहा है। पहले यह सूर्योपासना मंत्रों से होती थी। भविष्य पुराण में ब्रह्मा विष्णु के मध्य एक संवाद में सूर्य पूजा एवं मन्दिर निर्माण का महत्व समझाया गया है। अनेक पुराणों में यह आख्यान भी मिलता है, कि ऋषि दुर्वासा के शाप से कुष्ठ रोग ग्रस्त श्री कृष्ण पुत्र साम्ब ने सूर्य की आराधना कर इस भयंकर रोग से मुक्ति पायी थी। रामायण में भी इस बात का जिक्र है कि भगवान राम ने लंका के लिए सेतु निर्माण से पहले सूर्य देव की आराधना की थी। भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र सांब भी सूर्य की उपासना करके ही कुष्ठ रोग से मुक्ति पाई थी। वैदिक साहित्य के साथ-साथ आयुर्वेद, ज्योतिष, हस्तरेखा शास्त्रों में सूर्य का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आज तो सूर्य बिजली उत्पादन करने के विशाल श्रोत के रूप में देखा जा रहा है।

समाज में जब मूर्ति पूजा का प्रचलन हुआ तो सूर्य की मूर्ति के रूप में पूजा प्रचलित हुई। इसी कारण भारत में सूर्य देव के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर पाये जाते हैं। भारत के सूर्य मन्दिरों में उलार्क सूर्य मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा सूर्य मंदिर, कटारमल सूर्य मन्दिर, रणकपुर सूर्य मंदिर, सूर्य पहर मंदिर, सूर्य मंदिर, प्रतापगढ़, दक्षिणार्क सूर्य मंदिर, औंगारी सूर्य मंदिर, बेलार्कसूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, हंडिया, सूर्य मंदिर, गया, सूर्य मंदिर, महोबा, रहली का सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, झालरापाटन, सूर्य मंदिर, रांची, सूर्य मंदिर, जम्मू, मार्तंड मंदिर, कश्मीर एवं सूर्य मंदिर, कंदाहा आदि शामिल हैं। जानिए भारत के कुछ प्रमुख सूर्य मन्दिरों के बारे में

**कोणार्क का सूर्य मंदिर**

ओडिशा में भुवनेश्वर के समीप कोणार्क का मंदिर न केवल अपनी वास्तुकलात्मक भव्यता के लिए बल्कि शिल्पकला की बारीकी के लिए प्रसिद्ध है। यह कलिंग वास्तुकला का उच्चतम बिन्दु है जो भव्यता, उल्लास और जीवन के सभी पक्षों का अनोखा ताल मेल प्रदर्शित करता है। इस मंदिर को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत घोषित किया गया है और इसका निर्माण 1250 ई. में पूर्वी गंगा राजा नरसिंह देव प्रथम के कार्यकाल में किया गया था। इसमें कोणार्क सूर्य मंदिर के दोनों और 12 पहियों की दो कतारें है। इनके बारे में कुछ लोगों का मत है कि 24 पहिए एक दिन में 24 घण्टों का प्रतीक है, जबकि कुछ का कहना है कि ये 12 माह का प्रतीक हैं। यहां स्थित सात अश्व सप्ताह के सात दिन दर्शाते हैं। समुद्री यात्रा करने वाले लोग एक समय इसे ब्लैक पगोडा कहते थे, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह जहाजों को किनारे की ओर आकर्षित करता था और उनका नाश कर देता था।

**झालरापाटन का सूर्य मंदिर**

राजस्थान में झालरापाटन का सूर्य मंदिर यहाँ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। यह मंदिर अपनी प्राचीनता और स्थापत्य वैभव के कारण कोणार्क के सूर्य मंदिर और ग्वालियर के श्विवस्वान मंदिर का स्मरण कराता है। शिल्प सौन्दर्य की दृष्टि से मंदिर की बाहरी व भीतरी मूर्तियाँ वास्तुकला देखते ही बनती है । मंदिर का ऊर्ध्वमुखी कलात्मक अष्टदल कमल अत्यन्त सुन्दर जीवंत और आकर्षक है। शिखरों के कलश और गुम्बज अत्यन्त मनमोहक है। मंदिर का निर्माण नवीं सदी में हुआ था। यह मंदिर अपनी प्राचीनता और स्थापत्य वैभव के कारण प्रसिद्ध है। कर्नल जेम्स टॉड ने इस मंदिर को चार भूजा (चतुर्भज) मंदिर माना है। वर्तमान में मंदिर के गर्भग्रह में चतुर्भज नारायण की मूर्ति प्रतिष्ठित है।

**सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा**

यह मंदिर अहमदाबाद से लगभग 102 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसे भारत के तीन प्रसिद्ध प्राचीनतम सूर्य मंदिरों में से एक माना गया है। इस विश्व प्रसिद्ध मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पूरे मंदिर के निर्माण में जुड़ाई के लिए कहीं भी चूने का उपयोग नहीं किया गया है। ईरानी शैली में निर्मित इस मंदिर को भीमदेव ने तीन हिस्सों में बनवाया था। पहला हिस्सा गर्भगृह, दूसरा सभामंडप और तीसरा सूर्य कुण्ड है। ये मंदिर गुजरात के मोढ़ेरा में स्थित है। मोढ़ेरा मेहसाना से 25 किमी. की दूरी पर है।

**लोहार्गल सूर्य मंदिर**

यह मंदिर राजस्थान के झुंझुनू जिले में स्थित है। यहां मंदिर के सामने एक प्राचीनतम पवित्र सूर्य कुण्ड बना हुआ है द्य मान्यता है की यहा स्नान के बाद ही पांडवो को ब्रहम हत्या के पाप से मुक्ति मिली थी।

**मार्तंड मंदिर प्रतिरूप**

दक्षिण कश्मीर के मार्तण्ड के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर के प्रतिरूप का सूर्य मंदिर जम्मू में भी बनाया गया है। मंदिर मुख्यतः तीन हिस्सों में बना है। पहले हिस्से में भगवान सूर्य रथ पर सवार हैं जिसे सात घोड़े खींच रहे हैं। दूसरे हिस्से में भगवान शिव का परिवार दुर्गा गणेश कार्तिकेय पार्वती और शिव की प्रतिमा है और तीसरे हिस्से में यज्ञशाला है।

**औंगारी सूर्य मंदिर**

नालंदा का प्रसिद्ध सूर्य धाम औंगारी और बडगांव के सूर्य मंदिर देश भर में प्रसिद्ध हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां के सूर्य तालाब में स्नान कर मंदिर में पूजा करने से कुष्ठ रोग सहित कई असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है। प्रचलित मान्यताओं के कारण यहां छठ व्रत त्यौहार करने बिहार के कोने-कोने से ही नहीं, बल्कि देश भर के श्रद्धालु यहां आते हैं। लोग यहां तम्बू लगा कर सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न करते हैं। कहते है कि भगवान कृष्ण के वंशज साम्ब कुष्ठ रोग से पीड़ित था। इसलिए उसने 12 जगहों पर भव्य सूर्य मन्दिर बनवाए थे और भगवान सूर्य की आराधना की थी। ऐसा कहा जाता है तब साम्ब को कुष्ठ से मुक्ति मिली थी। उन्ही 12 मन्दिरो मे औगारी एक है।

**उन्नाव का सूर्य मंदिर**

उन्नाव के सूर्य मंदिर का नाम बह्मन्य देव मन्दिर है। यह मध्य प्रदेश के उन्नाव में स्थित है। इस मन्दिर में भगवान सूर्य की पत्थर की मूर्ति है, जो एक ईंट से बने चबूतरे पर स्थित है। जिस पर काले धातु की परत चढी हुई है। साथ ही, साथ 21 कलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सूर्य के 21 त्रिभुजाकार प्रतीक मंदिर पर अवलंबित है।

**रणकपुर सूर्य मंदिर**

राजस्थान के रणकपुर नामक स्थान में अवस्थित यह सूर्य मंदिर, नागर शैली मे सफेद संगमरमर से बना है। भारतीय वास्तुकला का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता यह सूर्य मंदिर जैनियों के द्वारा बनवाया गया था जो उदयपुर से करीब 98 किलोमीटर दूर स्थित है।

**सूर्य मंदिर रांची**

रांची से 39 किलोमीटर की दूरी पर रांची टाटा रोड़ पर स्थित यह सूर्य मंदिर बुंडू के समीप है 7 संगमरमर से निर्मित इस मंदिर का निर्माण 18 पहियों और 7 घोड़ों के रथ पर विद्यमान भगवान सूर्य के रूप में किया गया है। 25 जनवरी को हर साल यहां विशेष मेले का आयोजन होता है।

**मार्तंड सूर्य मंदिर**

मार्तण्ड सूर्य मंदिर जम्मू और कश्मीर राज्य के अनंतनाग नगर में स्थित एक प्रसिद्ध मंदिर है। मार्तण्ड का यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है। यहाँ पर सूर्य की पहली किरण के साथ ही मंदिर में पूजा अर्चना का दौर शुरू हो जाता है। मंदिर की उत्तरी दिशा में सुन्दर पर्वतमाला है। यह मंदिर विश्व के सुंदर मंदिरों की श्रेणी में भी अपना स्थान बनाए हुए है।

**बेलाउर सूर्य मंदिर**

यह मंदिर पश्चिभिमुख है। सूर्य पूजा का छठ पर्व पर हजारो श्रद्धालु इस सूर्य मंदिर में दर्शन करने दूर दूर से आते है। वे भगवान सूर्य को जल से अर्घ्य देते है। मंदिर में सात घोड़े वाले रथ पर सवार भगवान भास्कर की प्रतिमा ऐसी लगती है मानों वे साक्षात धरती पर उतर रहे हों।

अभी कुछ दिन पहले हमने एक कामयाब कारोबारी महिला के बारे में इसी जगह लिखा था जिसने अपने चार बरस के बच्चे का कत्ल कर दिया था। अब पुलिस पूछताछ में जब और बातें सामने आई हैं तो पता लग रहा है कि पति के साथ उसकी तनातनी चल रही थी, और अदालत में बच्चे को पाने के लिए दोनों के बीच मामला चल रहा था, इस बीच पति को अदालत ने हर कुछ दिनों के बाद बेटे से मिलने की इजाजत दी थी लेकिन पत्नी उसे मिलने नहीं दे रही थी कि बाप का बच्चे पर बुरा असर पड़ रहा है। इस महिला का लिखा हुआ एक नोट भी बरामद हुआ है जिसमें उसने पति को हिंसक बताते हुए कहा है कि वह बेटे का इस्तेमाल कर रहा है, और वह (पत्नी) अब और बर्दाश्त नहीं कर सकती। उसने पति पर बेटे को बुरे संस्कार सिखाने की तोहमत भी लगाई।

तलाक और बच्चों का हक पाने के मुकदमे बहुत बुरी नौबत पर पहुंचते हैं। तलाक देने के लिए, या न देने के लिए पति-पत्नी की तरफसे सच्चे और झूठे, कई किस्म के ओछे आरोप लगाए जाते हैं, और बहुत से मामलों में तो सार्वजनिक बदनामी से बचने के लिए दो में से कोई एक साथी हथियार डाल देते हैं, और नाजायज समझौता भी मंजूर कर लेते हैं। इसके अलावा बहुत से मामलों में यह भी देखने आता है कि भूतपूर्व पति, या भूतपूर्व पत्नी तलाक की कार्रवाई पूरी हो जाने के बाद भी एक-दूसरे के पीछे लगे रहते हैं, और मानो उनकी जिंदगी का मकसद भूतपूर्व साथी का जीना हराम करना ही हो जाता है। ऐसे में अगर किसी एक साथी को सत्ता या पैसों की ताकत भी हासिल रहती है, तो वे इस हिंसक प्रताडऩा को करते हुए एक मजा भी लेने लगते हैं। इस बात को भी लोग भूल जाते हैं कि ऐसी तमाम गंदी हिंसा का बच्चों पर क्या असर पड़ेगा।

अब शादीशुदा जोड़ों से परे अगर देखें, तो इंसान का मिजाज ही अपने भूतकाल के साथ जीते हुए, अपने को नापसंद लोगों के वर्तमान और भविष्य को तबाह करने का रहता है। कई लोगों के पास इसके लिए वक्त रहता है, कई लोगों के पास वक्त के साथ-साथ ताकत भी रहती है, और कई लोग बेबस और कमजोर रहते हैं जो कि चाहकर भी अपने भूतकाल के संबंधों का कुछ नहीं बिगाड़ सकते। लोग अपने भूतपूर्व प्रेमी, या प्रेमिका, भूतपूर्व मालिक, या नौकर, भूतपूर्व भागीदार, या दोस्त, किसी भी भूतपूर्व के साथ सामान्य नहीं रह पाते। बहुत से भूतपूर्व मालिक इस बात में लगे रहते हैं कि उनकी नौकरी छोड़े हुए लोगों को कहीं और काम न मिले। कई भूतपूर्व कर्मचारी पिछले मालिक के राज खोलते हुए उसे बदनाम करने, और मुमकिन हो तो बर्बाद करने, को ही अपना मकसद बना लेते हैं। आज सोशल मीडिया के जमाने में इस तरह का हिसाब चुकता करना बहुत आम बात है। किसी एक वक्त अच्छे दोस्त रहे लोग भी अगर आज साथ नहीं रह गए, तो वे एक-दूसरे की बर्बादी चाहते हैं, और अच्छे वक्त में साझा की गई जानकारी का जमकर बेजा इस्तेमाल करने पर उतारू रहते हैं।

**यह निजी विचार है।**

## खास खबर



### अवैध धान परिवहन व भंडारण पर प्रशासन सख्त, सैकड़ो बोरियां धान जप्त

**गरियाबंद ( ए )।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन व भंडारण पर प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा सक्रिय होकर लगातार जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में जहां ओडिशा प्रांत से धान आवक होने की संभावना होती है वहां अवैध कोचियों, बिचौलियों एवं व्यपारियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

जिला खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि कल देर रात अन्तरराज्यीय चेकपोस्ट बधियामाल में ओडिशा से जिले में धान खपाने के लिए ला रहे वाहन क्रमांक सीजी 04 एमके 6750 से 60 बोरी धान जप्त किया गया। इसी तरह वाहन क्रमांक सीजी जेडी 2168 से 60 बोरी धान राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा जप्त कर कार्यवाही की गई। इसी तरह 11 जनवरी को सहायक खाद्य अधिकारी मदन मोहन साहू एवं रविशंकर कोमरा की टीम ने वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 0957 से 60 बोरी धान जप्त कर वाहन चालक के विरूद्ध कार्यवाही की गई। इसके अलावा निर्मला केतकी पिता बालेश्वर केतकी निवासी कुम्हड़ीखुर्द देवभोग द्वारा खुटगांव चेकपोस्ट के बायपास पगडंडी के रास्ते से ओडिशा से लाते हुए तुआसमाल चौंक पास पकड़ लिया गया जिसे देवभोग थाना में सुपुर्द किया गया है। उक्त वाहन चालक के विरूद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद ( ए )।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। मामला सांकरा थाना क्षेत्र का है। ग्राम सपोस निवासी पुरन सिंह बूड़ेक पिता मोतीराम (56) ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम करीब 06 बजे उनका पुत्र विश्वामित्र बुड़ेक (29) अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलयू 5608 से घरेलू सामान खरीदने दुकान जा रहा था। सांकरा की ओर से आ रही ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 डीए 9770 ने विश्वामित्र बुड़ेक की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

# बस से कुचलकर 3 की मौत, 15 घायलः मनेंद्रगढ़ में हादसे के बाद पेड़ से टकराकर पलटी बस

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ में तीर्थयात्रियों को लेकर जनकपुर जा रही बस ने तीन लोगों को कुचल दिया। रविवार रात हुए इस हादसे में तीनों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद पेड़ से टकराकर बस पलट गई जिससे 15 यात्रियों को चोट आई है। घायल श्रद्धालुओं को छोड़कर ड्राइवर मौके से फरार हो गया।





जानकारी के मुताबिक पक्षीराज कंपनी की एक बस जनकपुर के माड़ी सरई से अमरकंटक गई थी। रात करीब 8 बजे लौट रही बस मनेंद्रगढ़ मोड़ पर पहुंची थी। इसी दौरान ढलान पर ड्राइवर बस को काबू नहीं कर पाया और ठेले के पास खड़े तीन लोगों को चपेट में ले लिया।

### दो युवक और एक बुजुर्ग की मौत

हादसे में एक का शव क्षत-विक्षत हो गया। मृतकों की पहचान जोहन (25), प्रह्लाद बैगा (35) एवं सलीम (65) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि पक्षीराज कंपनी की जिस बस से हादसा हुआ, उसे दूसरे बस ऑपरेटर ने खरीद लिया था। हादसे की सूचना पर जनकपुर एसडीएम मूलचंद चोपड़ा, थाना प्रभारी ओम प्रकाश दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को पुलिस एवं प्रशासनिक अमले ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज कराया। जहां सभी की हालत खतरे से बाहर। तीर्थयात्रियों के मुताबिक ड्राइवर नशे में था तिराहे के पास वह रफ्तार पर काबू नहीं कर सका और हादसा हो गया।

ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार

## दुर्ग-रायपुर समेत कई जिलों में घूम-घूम करते थे चोरियां, बबलू कबाड़ी को बेचते थे सामान

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरों का गैंग दिन में रेकी करता और रात में चोरी की वारदात को अंजाम देता था। यह गैंग दुर्ग और रायपुर जिले सहित कई जिलों में सक्रिय था। वहां भी ट्रांसफार्मर और उसके अंदर लगे क्वाइल की चोरी करते थे।

शहर एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि रविवार को मुखबिर से सूचना मिली थी, कि पाटन थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर और क्वाइल चोरी करने वालों को देखा गया है। वो लोग लमकेनी गांव के वीरभद्र वैष्णव की सब्जी बाड़ी में सामान के साथ छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की और एसीसीयू की टीम को संयुक्त कार्रवाई के लिए भेजा गया।



### पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

पुलिस ने दबिश देकर आरोपी कामता उर्फ राजा दास (25 वर्ष ), कुलदीप यादव (27 वर्ष) और सोनू पांडेय उर्फ उमापति (33 वर्ष) निवासी रायपुर को घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ में बताया कि पाटन के ठकुराई टोला में नदी के किनारे लगे ट्रांसफार्मर में लगे तांबे का तार को चोरी करना स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि जब लोगों को जानकारी हुई तो वो लोग वहां से घटना में इस्तेमाल ऑटो सीजी 04 एमएस 3683 और पाना पेचकस को छोड़कर भाग गए थे।

### दुर्ग सहित कई जिलों में कर चुके हैं चोरी

पाटन एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने बताया कि दुर्ग, रायपुर, धमतरी, महासमुंद और राजनांदगांव समेत कई जिलों में चोरी कर चुके हैं। वो लोग घूम-घूम कर ट्रांसफार्मर और उसके अंदर लगे क्वाइल की चोरी करते थे। उसके बाद रायपुर के बबलू कबाड़ी के पास बेच देते थे।

15 दिन पहले दुर्ग के अंडा थाना क्षेत्र में नदी से लगे हुए गांव में भी ट्रांसफार्मर की क्वाइल की चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोहे की प्लेट, कॉपर प्लेट 1 नग, लोहे की चैनल रिंग, पेकिंग पट्टी गोल्डन रंग की, टीना 5 नग, नट बोल्ट और वासर 20 नग जब्त किया है।

पति की प्रताड़ना से टीचर पत्नी ने किया सुसाइड, आरोपी गिरफ्तार

## पैसे की डिमांड कर करता था मारपीट, 2 साल पहले की थी इंटरकास्ट लव मैरिज

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर जिले में एक महिला टीचर ने शादी के दो साल बाद खुद पर थिनर डालकर आग लगा ली थी। उसने बेरोजगार युवक से इंटरकास्ट लव मैरिज की थी। शादी के बाद वो पैसे की डिमांड करता और आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। अब घटना के एक महीने बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है।



दरअसल, उसलापुर में रहने वाली सरिता तिवारी सरकारी शिक्षिका थी। उसकी पोस्टिंग बहतराई में थी। सरिता की दोस्ती कुछ साल पहले मुंगेली के संबलपुरी निवासी विकास मसीह से हुई। फिर दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसी दौरान विकास ने शादी का प्रस्ताव रखा, तो सरिता भी तैयार हो गई।

सरिता तिवारी ने साल 2020 में विकास मसीह से इंटरकास्ट लव मैरिज किया था। उन्होंने आर्य समाज मंदिर में शादी रचाई थी। कुछ दिनों बाद ही उनके संबंधों में दरार आ गई और विकास उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने लगा।

### पैसे की डिमांड करता था बेरोजगार पति

लव मैरिज करने के बाद विकास मसीह घरेलू बातों को लेकर सरिता के साथ आए दिन विवाद करता था। बेरोजगार होने के कारण वह अपनी पत्नी से पैसों की डिमांड भी करता था।

### थिनर डालकर खुद पर लगाई थी आग

10 दिसंबर 2023 की रात सरिता ने अपने ऊपर थिनर डालकर आग लगा ली थी। जिससे वो बुरी तरह झुलस गई थी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां करीब 10 दिन तक वह जिंदगी और मौत से जूझती रही। आखिरकार, 20 दिसंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस दौरान पुलिस ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उसका बयान लिया था। जिसमें उसने अपने पति की प्रताड़ना की कहानी बताई थी। इसी आधार पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी विकास मसीह के खिलाफ धारा 306 के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

## टाटीबंध ओवरब्रिज में हिट एंड रन, दुकान से घर जा रहे युवक को कुचलकर भागी गाड़ी

**रायपुर।** शहर में तेज रफ्तार गाड़ियां लगातार लोगों की जान ले रही है। टाटीबंध ओवरब्रिज के ऊपर रविवार शाम 7 बजे हिट एंड रन में एक और युवक की मौत हो गई। अज्ञात गाड़ी का ड्राइवर युवक को कुचलते हुए भाग गया। युवक का शव कई देर तक ओवरब्रिज पर ही पड़ा रहा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। शव को एम्स के मरचूरी में रखवा दिया गया है। जेब में मिले आईडी से युवक की पहचान हुई। उसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस हादसा करने वाली गाड़ी की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि संजय नगर में रहने वाला समीर रईस (37) की चंदनडीह में राशन दुकान है। वह रविवार शाम दुकान बंद कर अपनी बाइक से घर जाने के लिए निकला था।



ब्रिज के ऊपर पीछे से अज्ञात गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। समीर सड़क पर फेंका गया। गाड़ी उसे कुचलते हुए चली गई। समीर का सिर व चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ है। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी के खिलाफ हिट एंड रन का केस दर्ज कर लिया है। अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से गाड़ी की तलाश की जा रही है। इससे पहले भी एक एसयूवी ने महिला की जान ले ली थी। उनके बच्चे को भी गंभीर चोटें आई थी। तेज रफ्तार थार ने उनके घर के बाहर ही इतनी जोरदार टक्कर मारी थी कि मां और बेटा बहुत दूर तक फेका गए थे।

## धान का अवैध परिवहन करते तीन वाहन जब्त, 128 क्विंटल धान बरामद

**गौरेला।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी के दौरान लगातार अवैध रूप से धान का परिवहन भंडारण तथा अमानक स्तर के धानों की जांच पड़ताल और जप्ती की कार्वाई की जा रही है। इसी कड़ी में गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला प्रशासन द्वारा अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए तीन वाहन प्रशासन ने जब्त किया है। वाहन से 128 क्विंटल धान जप्त करते हुए मामले में आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

बता दें जिल की कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया के निर्देशानुसार राजस्व, खाद्य, पुलिस एवं मंडी बोर्ड के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा लगातार धान उपार्जन केंद्रों एवं व्यापारियों के गोदामों में आकस्मिक निरीक्षण कर कार्वाई की जा रही है। इसी क्रम में अवैध रूप से धान का परिवहन करते पाए जाने पर 3 वाहनों से 128 क्विंटल (258 बोरी) धान जब्त किया है।



जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश की सीमा से जिले में लाए जा रहे दो वाहनों में लदे 95 क्विंटल (183 बोरी) धान संदिग्ध होने तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जप्त कर गौरेला थाना की अभिरक्षा में सौंपा गया है। वहीं दूसरे मामले में पेंड्रा के व्यापारी अजय सुल्तानिया के माजदा वाहन से धान के अवैध परिवहन पर 33 क्विंटल (75 बोरी) धान जब्त कर अग्रिम कार्यवाही तक पेंड्रा थाना के सुपुर्द किया गया है। वहीं प्रशासन की लगातार अवैध धान को लेकर कार्यवाही से बिचौलिए और व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## तिल के लड्डुओं ने घोली मूक-बधिर बच्चों में जीवन में मिठास...

### सेवा फाउंडेशन ने बच्चों के साथ मनाई मकर संक्रांति, बांटी कॉपी-पेन

**रायपुर** रायपुर से संचालित दुलार सेवा फाउंडेशन की शुरुआत सोमवार को मूक-बधिर बच्चों के साथ मिल कर की गई। संस्था के फाउंडर मेंबर दिलीप तिवारी ने बताया कि यह हमारे लिए एक गौरवान्वित पल था, क्योंकि आज मकर संक्रांति का भी पर्व है, जिसे अच्छा माना जाता है। दुलार सेवा फाउंडेशन की सेवा का पहला कार्यक्रम अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल से हुआ है। यह न्यू राजेंद्र नगर में स्थित है।

फाउंडेशन के फाउंडर मेम्बर व संरक्षक, सदस्य सभी वहां पहुंचे और मूक बाधित बच्चों को तिल के लड्डू के साथ कॉपी, पेन, पेंसिल, बांटकर मकर संक्रांति मनाई गई साथ ही सभी बच्चों को फाउंडेशन की ओर से बधाई दी गई। फाउंडेशन के मेंबरों ने मूक बधिर बच्चों से मिलकर अति उत्साहित एवं खुशी महसूस किए।





दुलार सेवा फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर दिलीप तिवारी ने फाउंडेशन के बारे में बताते हुए कहा कि हम अपने फाउंडेशन की शुरुआत आज मुक बधिर बच्चो के बीच से कर रहे है, उसका मुख्य उद्देश्य जरूरत मंद लोगों की सेवा करने को लेकर व समाज कल्याण का दृष्टिकोण शिक्षा के स्तर को बढ़ाकर समाज की बुराइयों को मिटाना और मानव कल्याण करना है।

इस अवसर पर फाउंडर सदस्य नवीन जैन, ब्रम्हा सोनकर, दीपक सिंह, सुरेन्द्र भारतद्वाज, राकेश नागवानी, साथ ही अर्पण दिव्यांग संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, मृत्युंजय शुक्ला, डॉ स के शर्मा,योगेश तिवारी उमा तिवारी, सविता शर्मा, वहाँ के प्राचार्य, शिक्षक, एवं अन्य समाज सेवी-सेविका उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने वृद्ध महिला को तुरंत दिया हियरिंग एड

रायपुर / कलेक्टर जन चौपाल में वृद्ध महिला कमरुन्निसा ने आज कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मिलकर सुनने में हो रही तकलीफकी बात बताई। अपने पति के साथ पहुंची महिला की पीड़ा को कलेक्टर ने संवेदनशीलता के साथ सुना और समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को इनकी जांच कर सहायता के लिए कहा।

# माहेश्वरी महिला समिति मे संक्रांति उत्सव

लोकशक्ति। संवाददाता।

**माहेश्वरी महिला समिति गोपाल मंदिर रायपुर द्वारा ने रीत-प्रीत की डोर हल्दी-कुंकुम का प्रोग्राम दिनांक 15 जनवरी 2024 सोमवार अपराह्न 3:00 बजे से वृन्दावन हाल,सिविल लाइन में आयोजित किया। मकरसंक्रान्ति के उपल्क्षय मे हल्दी-कुंकुम के साथ सांस्कृतिक का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया।**

**महाराष्ट्रीयन Dress-up मे आकर सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।इसमें लगभग 150 सदस्य ने अपनी सहभागिता दी।**

ग्रूप ड्रास , हंसी के ठहाके कार्यक्रम के साथ प्रतियोगिता भी रखी गयी। जो इस प्रकार रही।

### संक्रांति के नेक-चार

**1-सविता केला शीतल केला डॉक्टर सोनल केला 2- शिखा भट्टर पूजा सुरजन**

**महाराष्ट्रीयन ड्रेस-अप और हिंदी में ओखाणा बोलना है - 1- स्नेहा लखोटिया**

**2- शिखा भट्टर 3- वंदना महेश्वरी**

### ड्राई फरूट के गहने

**1- पूजा सुरजन**

**2- गीतिका चितलांगिया**

हाउजी भी खिलाई गई।तत्पश्चात विजय टीम को पुरस्कृत किया गया। सभी ने हाईटी का आनंद लिया ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्राणी श्रीमती ज्योति राठी ,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती नंदा भट्टर अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी गण एवं समिति की अध्यक्षा श्रीमती प्रगति कोठारी सचिव कल्पना राठी कार्यक्रम संयोजिका - नंदा भट्टर, ज्योति सारडा, नीना राठी व शीतल मूंदडा और समिति सदस्य संगीता चांडक शशी बागड़ी,रमा मल्ल, शशि कला काबरा, माधुरिका नत्थानी, नीता लखोटिया,शशि आर, मोहता आदि ने अपना योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



# अयोध्या के श्रीराम मंदिर से नैला जांजगीर से भी जुड़ी है कार सेवा की सुनहरी यादे..........

## करीब तीन दशक पूर्व अंचल से भी सैकड़ो कार्यकर्त्ताओ ने राम मंदिर के लिए करी थी कार सेवा......

**जांजगीर चाम्पा** // पूरा देश अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में जुटा हुआ है, चारो ओर राम नाम की गूंज है। देश के करोड़ो हिन्दुओ के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को सम्पन्न होगा। करोड़ो देशवासियों का सपना करीब 500 वर्षो के संघर्ष और लाखो कार सेवकों के त्याग, तपस्या और बलिदान के बाद साकार होने जा रहा है। श्रीराम मंदिर आंदोलन में शामिल होने तात्कालीन अविभाजित मध्यप्रदेश के समय नैला जांजगीर अंचल के सैकड़ो कार सेवक अलग अलग समूहों में अयोध्या कूच किये थे। जिसमे से कुछ हमारे बीच नही रहे तो कुछ हमारे बीच है। उन्ही कार सेवकों में से एक कैलाश बसईवाल ने तत्कालीन कार सेवा की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि नैला जांजगीर अंचल के वरिष्ठ भाजपा नेता स्व पूरनमल अग्रवाल के नेतृत्व में कार सेवकों की टोली अयोध्या गई थी।स्व कैलाश टमकोरिया, स्व दुलीचंद अग्रवाल, व्यास



कश्यप, गोपाल दुबे, धनराज गट्टानी, सतराम सितलानी, परमात्मा अग्रवाल, रामेश्वर गोपाल, बलराम पाण्डेय, बद्री कहरा, टीकाराम राठौर, जनक कर्ष, भरत योगेश्वर, भरत यादव आदि सैकड़ो कार सेवक कार सेवा आंदोलन में शामिल हुए। जिनमे से अधिकांश लोगो को पुलिस के लाठी डंडो की मार के साथ जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने बताया कि उनके साथ अनेक प्रांतो के बच्चों के साथ बुजुर्ग भी थे।5दिनों तक अस्थाई जेल में अघोषित रूप से कैद में रहे, कैद के दरम्यान किसी दिन दो वक्त का भोजन भी नसीब नही होता था। उन्होंने बताया कि कार सेवा के दौरान पुलिस ने गोली चलाई थी, एक गोली पूरनमल अग्रवाल के तरफआ रही वापस लौटते समय उ प्र सीमा पार होते ही स्थान स्थान पर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ हम सभी कार सेवकों का स्वागत किया गया। जो आज भी मानस पटल पर अमिट है।

22जनवरी के शुभ दिन इन कार सेवकों को समर्पण और योगदान को याद करना लाजमी है। निश्चित रूप से कही न कही उक्त राम मंदिर आंदोलन में तब इन कार सेवकों के पसीने और कुछ के शरीर के रक्त की बुँदे तक गिरी। नैला जांजगीर अंचल के सभी कार सेवकों का राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर शत शत अभिनन्दन है।

# कलेक्टर ने जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



### जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के गरिमामय आयोजन कराए जाने के दिए निर्देश

**जांजगीर- चांपा/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज जांजगीर-चांपा जिले में माह फरवरी में आयोजित होने वाले जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के सफल आयोजन के लिए हाईस्कूल मैदान जांजगीर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, टेन्ट व्यवस्था, मेला स्थल, मीना बाजार, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग, प्रवेश द्वार, निर्गम द्वार, साफ सफाई , पेयजल , विभिन्न विभागों व निजी संस्थानों द्वारा लगाए जाने वाले स्टाल की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी उपस्थित अधिकारियों को जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के गरिमामय आयोजन के लिए सौंपे गए दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर के खुंटे,एसडीएम जांजगीर श्री ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ परस शर्मा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# दो बालकों की हत्या की गुत्थी 36 घंटे के अंदर सुलझी

### योजना बनाकर हत्या को दिया था अंजाम आरोपीगणों में दो बालिग और तीन विधि से संघर्षरत् बालक

**जांजगीर चांपा -**

दो बालकों की हत्या का पर्दाफाश पुलिस ने 36 घंटे के अंदर करने में सफलता प्राप्त किया है , जिसका खुलासा आज पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने प्रेसवार्ता में किया ।

मामले की संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलखन के दो बालक दिनांक 7 जनवरी.2024 को रात्रि 10 बजे के बाद से अचानक गुम हो जाने तथा परिजनों द्वारा आसपास ढूंढने पश्चात् दिनांक 9 जनवरी 2024 को नाबालिक बालकों के गुम होने की सूचना पर थाना शिवरीनारायण में अपराध क्रमांक 17/2024 एवं 18/2024 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

जिनकी लगातार पता तलाश किया जा रहा था कि दौरान विवेचना दिनांक 12. जनवरी को सूचना मिली कि ग्राम बरभांठा नहर पुल में नहर के अंदर पानी में एक व्यक्ति का शव सेमरा से गोदना की तरफ आ रही नहर में पानी खुल जाने से बहकर आकर फंसा है, जिसे बाहर निकाल कर पंचनामा कार्यवाही दौरान शव की पहचान गुम नाबालिग के रूप में हुई जिसकी हत्या कर नहर में छुपाने का प्रयास किया गया था। दूसरे गुम हुए बालक की भी तलाश की गई। जिसका शव उसी नहर में पोडी डबरी फॉल पुल के पास कचरे के साथ फंसा मिला दोनों की हत्या की आशंका पर शॉर्ट पी.एम. रिपोर्ट अनुसार सिर में घातक चोट पहुचाने से सिर फटने के कारण मृत्यु होने से उक्त प्रकरण में धारा 302,201 भादवि समाहित कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

विवेचना के दौरान रास्ते के सी.सी.टी.व्ही फूटेज एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा तथा मुखबीर की सहायता से विधि से संघर्षरत् बालक, को सादे वेश भूषा में उनके परिजनों के समक्ष पूछताछ किया गया जिसने बताया कि स्वयं तथा मृतक दोनों ही अपने स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिक प्रेमिकाको चाहते थे, जिससे आपस में मनमुटाव था. जिसके चलते विधि से संघर्ष बालक, तथा अन्य दो विधि से संघर्षरत् बालक क्क एवं ष्ट तथा मुख्य आरोपी हेंमत प्रसाद बंजारे पिता सुकालू प्रसाद बंजारे 21 वर्ष, प्रभात भैना पिता आनंद राम भैना 19 वर्ष दोनों साकिनान टंकी के पास नहर पार बरभांठां थाना नवागढ के बताये अनुसार तथा पूर्व में निर्धारित योजना अनुसार मृतक नाबालिग को उसके प्रेमिका से मिलाने हेतु रात्रि 10.30 बजे लगभग ग्राम बरभांठा के पानी टंकी के पास से सेमरा की ओर सूखी नहर तीसरे फॉल के पास बुलाया गया, सभी योजना अनुसार नहर के झाडियों में लोहे की राड तथा पाईप लेकर छुपे थे विधि से संघर्षरत् बालक । के द्वारा दोनो मृतकों के निर्धारित स्थान पर बुलाकर आने पर आरोपियों एवं विधि से संघर्षरत् बालकों द्वारा लोहे की रॉड एवं पाईप से दोनों के सिर में प्राण घातक प्रहार कर हत्या कर नहर के फॉल में दोनों के शवों को गढढ्े में डालकर उपर से पास के खेत से धान का पैरा लाकर ढ़क दिये तथा मृतक के मोटर सायकल को घटना स्थल से लगभग 02 किमी. मुडपार रोड के किनारे तालाब में छिपा दिये तथा घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड, पाईप, मोबाईल, पहने अपने-अपने कपड़े को अपने-अपने घर में छिपा दिये, जिनकी आरोपियों एवं विधि से संघर्षरत् बालकों द्वारा बताये अनुसार समक्ष गवाहन जप्त कर वैधानिक कार्यवाही एवं विवचेना की जा रही है।

आरोपियों का न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया तथा विधि से संघर्षरत् बालकों को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल किया गया। आरोपियों एवं विधि से संर्घषरत् बालकों से धटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड एवं पाईप, हत्या के दौरान पहने कपडे, शव को छुपाने में प्रयुक्त धान का पैरा, घटना स्थल से शवों के बल्ड सैम्पल, मोबाईल एवं अन्य सामाग्री जप्त किया गया।

विवेचना के दौरान आरोपियों एवं विधि से संघर्षरत् बालकों की विरूद्ध थाना शिवरीनारायण के अपराध क्रमांक 17/2024 एवं 18/2024 धारा 363, 302, 201, 120बी, 147, 149, 325 भादवि के तहत् की जा रही है कार्यवाही। इस प्रकार थाना शिवरीनारायण क्षेत्रांतर्गत दो बालकों के अंधे कत्ल के गुत्थी को सुलझाने में सायबर सेल के निरीक्षण प्रवीण कुमार द्विवेदी, उप निरी. पारस पटेल, प्र.आर राजकुमार चंन्द्रा, बलबीर सिंह, विवेक सिंह, आरक्षक गिरीश कश्यप, आरक्षक अर्जुन यादव, थाना प्रभारी मुलमुला सागर पाठक, चौकी प्रभारी पंतोरा दिलीप सिंह, थाना प्रभारी शिवरीनारायण से निरीक्षक अशोक द्विवेदी, प्रधान आरक्षक तारिकेश पांडे आरक्षक श्रीकांत सिंह , थाना चाम्पा के सउनि रामप्रसाद बघेल, प्र.आर. विरेन्द्र टण्डन का विशेष योगदान रहा।



# चलने-फिरने में अक्षम दिव्यांग बालक को मिला घरौंदा में बसेरा



**रायपुर** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की जन चौपाल में आज शारीरिक शिथिलता की वजह से चलने-फिरने में पूरी तरह से अक्षम दिव्यांग बालक और उनके परिजनों ने मुलाकात कर बालक के पुनर्वास का अनुरोध किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विस्तार से बालक से बात की। यह बालक पूर्व में माना स्थित शासकीय बहुविकलांगता पुनर्वास केन्द्र में निवासरत था, किन्तु निर्धारित आयु संबंधी अड़चनों के कारण आगे इस बच्चे को उक्त केन्द्र में रखे जाने में समस्या आ रही थी। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को बुलाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली एवं इस बच्चे के तत्काल पुनर्वास किए जाने एवं केन्द्र व राज्य शासन की उपयोगी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया। बालक के परिजनों की सहमति से कलेक्टर के निर्देश पर बच्चे को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्था ÷घरौंदा÷ में रहने की तत्काल सुविधा मिली। जन चौपाल की उनकी पहली सुनवाई में ही सुविधा सुलभ हो जाने पर बच्चे की माँ विभा देवी ने त्वरित व्यवस्था के लिए कलेक्टर के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

# जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार रायपुर शहर की स्वच्छता रैकिंग और बेहतर बनाने सफाई व्यवस्था सुधारने का कार्य

### आयुक्त ने कपड़ा मार्केट में टूटे हुए डस्टबिन एजेंसी से तत्काल बदलवाने, राजातालाब पार में पेवर मरम्मत,

### महालक्ष्मी मार्केट की कांक्रीट रोड सुधारने शौचालयों, तालाबों, मार्गो की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, बापू की कुटिया स्थलों को शीघ्र सुविधाजनक बनाने के दिये निर्देश 0

**रायपुर** - रायपुर जिला कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में नगर पालिक निगम रायपुर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता रैकिंग को और अधिक बेहतर बनाने सफाई व्यवस्था में सुधार का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

सफाई एवं अन्य मौलिक व्यवस्थाओं में छत्तीसगढ़ शासन की लोकहितैषी मंशा के अनुरूप जनअपेक्षित सुधार फील्ड में लाने नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारीगण विभिन्न सार्वजनिक स्थलों की सतत मॉनिटरिंग निरीक्षण सहित निरंतर कर रहे है। आज आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने पंडरी कपड़ा बाजार की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। स्थल पर टूटे हुए डस्टबिन को तत्काल बदलवाने सम्बंधित एजेंसी को निर्देशित किया, ताकि सबसे बड़े कपड़ा बाजार में कचरा डालने नागरिकों को कोई असुविधा ना होने पाये। आयुक्त ने राजातालाब पार का निरीक्षण किया एवं तालाब पार के पेवर को शीघ्र सुधारने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। आयुक्त ने महालक्ष्मी कपड़ा बाजार के समीप की सड़क का निरीक्षण किया। आयुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को कांक्रीट रोड को सुधारवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ श्री उज्जवल पोरवाल, अधीक्षण अभियन्ता श्री बी. आर. अग्रवाल, जोन 3 जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा की उपस्थिति में न्यू शान्तिनगर में सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी 10 जोनों के वार्डो में सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था सतत मॉनिटरिंग कर जनहित एवं

**जनसुविधा की दृष्टि से चुस्त** - दुरुस्त बनाये रखने के निर्देश दिये है। उन्होंने अपर आयुक्त गणों, जोन कमिश्नरगणों को तालाबों, मार्गो, नालों, नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनाये रखने के निर्देश दिये है। साथ ही जनहितकारी योजना बापू की कुटिया के सभी स्थानों को सार्वजनिक जनउपयोग हेतु सुविधाजनक बनाने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है।



रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं निगम आयुक्त के निर्देशानुसार अपर आयुक्त सर्वश्री अभिषेक अग्रवाल, शैलेन्द्र पाटले,विनोद पाण्डेय, उपायुक्त स्वास्थ्य श्री ए. के. हालदार, सभी जोन कमिश्नरगणों, कार्यपालन अभियन्तागणों, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण सफाई व्यवस्था सुधार की दृष्टि से कर आवश्यक निर्देश देकर व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग करने कहा। वार्ड 58 में बापू की कुटिया के मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया। कटोरा तालाब में स्मार्ट टायलेट की व्यवस्था देखी गयी। चंगोराभाठा, बैजनाथपारा में विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। जोन 5 क्षेत्र में बापू की कुटिया की व्यवस्था, हांडी तालाब की सफाई व्यवस्था का अवलोकन अधिकारियों ने किया। जोन 9 में शीतला तालाब के समीप सामुदायिक शौचालय की सफाई व्यवस्था को देखा गया। व्यवस्था में आवश्यक सुधार के सम्बन्ध में निर्देश सम्बंधितों को दिये गये

# नक्शा दुरुस्तीकरण में समस्या की शिकायत लेकर कलेक्टर जन चौपाल में पहुंची 85 वर्षीय महिला

**कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने अपने सामने ही कराई प्रक्रिया पूरी, मिली बड़ी मदद**

रायपुर संवाददाता।

कलेक्टर जन चौपाल में अपने जमीन के नक्शा दुरूस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी करने में दिक्कत महसूस करते हुए ग्राम सेरीखेड़ी की 85 वर्ष की वृद्ध महिला जगरबती आज कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मिलने पहुंची। व्हीलचेयर में पहुंची महिला ने उन्हें बताया कि मूलतः वह खेती किसानी करती है और किसान किताब में उनकी जमीन दर्ज है। नक्शा बटांकन के लिए आवेदन उन्होंने किया था और भूमि का सीमांकन भी किया जा चुका है, किन्तु नक्शा बटांकन ऑनलाइन पोर्टल तथा पटवारी नक्शे में सुधार अब तक प्रक्रियाधीन है। महिला ने बताया कि चूंकि उनकी उम्र ज्यादा है, चलने-फिरने में भी तकलीफ है, इसलिए उनका काम जल्द पूरा कराने में सहयोग के लिए जन चौपाल आई हुई हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने उनकी समस्या को देखते हुए राजस्व अधिकारियों से उनके आवेदन पर अब तक हुई कार्यवाही की जानकारी मांगी। अधिकारियों ने अवगत कराया कि अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में प्रकरण पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने जन चौपाल में ही आवश्यक कार्यवाही पूरी करने व महिला का प्रक्रियागत बयान लेने हेतु निर्देशित किया, जिससे कि वृद्ध महिला को न्यायालयीन प्रक्रिया को पूरा करने पुनः आने की आवश्यकता न पड़े। राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर के सामने ही जन चौपाल में मौके पर ही महिला का बयान लेकर संपूर्ण कार्यवाही पूरी कर मदद की, जिससे महिला को पुनः राजस्व न्यायालय आने की आवश्यकता अब नहीं होगी। तत्काल मिले इस सहयोग से वृद्ध महिला व उनके परिजनों ने कलेक्टर डॉ. सिंह व राजस्व अधिकारियों को धन्यवाद कहा।




## खास खबर...



### मकर संक्रांति के दिन पार्श्वनाथ भगवान का रजत कलशों से हुआ अभिषेक

**रायपुर (ए)।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड में मकर संक्रांति पर्व पर 14 जनवरी, तिथि पौष शुक्ल चतुर्थी, वीर निर्माण संवत 2250 रविवार को 23 वे तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का रजत कलशो से अभिषेक किया गया। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय नायक जैन ने बताया कि आज मकर संक्रांति पर्व पर सुबह 8 बजे पार्श्वनाथ भगवान की बेदी के समक्ष 23 वे तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का रजत कलशों से अभिषेक किया साथ ही सम्पूर्ण विश्व में शांति, सद्भावना, समृद्धि के लिए चमत्कारी कष्ट निवारकर शांति प्रदाता शांति धारा की गई। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य विजय जैन को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात आरती पूजन कर महा अर्घ्य चढ़ा कर विसर्जन किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे। जिस प्रकार मकर राशि में प्रवेश करने से सूर्य का तेज बढ़ता है ,उसी प्रकार आपका वैभव, यश, मान-सम्मान बढे ऐसी हमारी कामना है। साथ ही अध्यक्ष संजय जैन नायक ने कहा कि जिस प्रकार उत्तरायण का सूर्य आपके स्वप्नों को नयी ऊष्मा प्रदान करे,आपके यश एवम् कीर्ति में उत्तरोत्तर वृद्धि हो, आप परिजनों सहित स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों, इसी प्रार्थना के साथ मकर संक्रान्ति के पावन पर्व की सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हम सबको देना होगा योगदानः मंत्री टंकराम वर्मा



**■ छत्तीसगढ़िया सर्वसमाज महासंघ ने किया खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सहित सभी नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन**

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको पूरी ऊर्जा के साथ योगदान देना होगा। श्री वर्मा बलौदाबाजार-भाटापारा जिला मुख्यालय में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ द्वारा आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर महासंघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री वर्मा सहित बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सभी नवनिर्वाचित विधायक सर्वश्री इंद्र कुमार साव, संदीप साहू को सम्मानित किया गया।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश सामाजिक समरसता पर चलने वाला देश है यही जीवन का आधार है। अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला विराजमान हो रहे हैं। हम सभी प्रभु राम और स्वामी विवेकानंद जी के बताये राह पर चले और देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दें।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री वर्मा ने अभिनंदन समारोह के लिए सभी समाज प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज के प्रति हमेशा सकारात्मक कार्य करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उन्होंने सिविल जज के पद पर चयनित सुश्री वैशाली वर्मा और राष्ट्रीय रामायण समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़िया सर्वसमाज महासंघ रमेश यदु ने की। इस मौके पर पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, सर्व समाज अध्यक्ष कुशल वर्मा, महासचिव केके साहू सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि गण, गणमान्य नागरिक अन्य जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन घर-घर जलाएं दीपः मंत्री टंकराम वर्मा



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को बलौदाबाजार जिला मुख्यालय के सदर बाजार में स्थित श्री राम मंदिर (मानस मंदिर) प्रभु श्री राम की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने परिसर की झाड़ू लगाकर साफ-सफाई में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देश भर के मंदिरों, तीर्थस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जो की 22 जनवरी तक चलेगा।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर यहां श्री राम मंदिर परिसर में हम लोगों ने साफ-सफाई की है। मैं जिले के सभी नागरिकों से अपील करता हूं की वे भी मंदिरों एवं तीर्थस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को आयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी वह दिन पूरी दुनिया के लिए महापर्व होगा। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम छत्तीसगढ़ के कण-कण और जन-जन में बसे हुए हैं। छत्तीसगढ़ वही कोसल है जिसकी बेटी, माता कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया। प्रभु श्री राम ने दंडकारण्य को अपनी चरण रज से पवित्र किया। मां शबरी के बेरो की मिठास अभी तक छत्तीसगढ़ में घुली हुई है। श्री वर्मा ने छत्तीसगढ़वासियों से अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी लोग अपने घरों को फूलों से सजाएं और दीप प्रज्वलित करें। पूरा शहर, गांव एवं घर दिवाली से बढ़कर लगे। यह हमारा परम सौभाग्य है कि अयोध्या में रामलला विराजमान होते देखेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल सहित अनेक पंचायत तथा नगरीय संस्थाओं के स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पाप का मूल कारण लोभ हैः आचार्य नंदकुमार चौबे

**रायपुर (ए)।** बोरिया खुर्द मोती नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण में आचार्य पंडित नंदकुमार चौबे ने कहा इस असार - संसार में कोई भी वस्तु सार नहीं है यहां तो केवल विषय वासना ही दिखाई पड़ता है जैसे- काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, दम्भ, पाखंड आदि विकार हमारे मन मस्तिष्क को धूमिल कर दिया है। लोभ पाप के मूल है, इसलिए व्यक्ति लोभ में आकर बड़े से बड़े पाप कर बैठता और उसका फल भी भोक्ता है, विवेक हीनता के कारण हमारे अंदर सोचने समझने की समर्थ्यता नहीं रह गई है,पशु पक्षी आदि अपने योनि के अनुसार ही दैनिक जीवन जीते हैं लेकिन एक मनुष्य है जो सब कुछ जानते हुए भी नहीं करने का कार्य करते हैं, नहीं खाने का वास्तु को भी खा जाता हैं धर्म- अधर्म, पाप-पुण्य, अच्छा- बुरा इसमें विवेक का परिचय नहीं दे पा रहे हैं इसीलिए मनुष्य तन पाकर भी नारकीय जीवन बीतने के लिए मजबूर हैं। आचार्य नंदकुमार चौबे ने कहा श्रीमद् भागवत में कथा आती है कश्यप और दिती के पुत्र हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यपु नमक दो पुत्र हुए जो जन्म लेते ही सारे संसार में अत्याचार करने लगा उनके पराक्रम के कारण बड़े-बड़े देवता दानव भी डरने लगे और अभिमान के वशीभूत होकर एक दिन हिरण्याक्ष दैत्य ने पृथ्वी का हरण कर लिया जिससे देवता बड़े व्याकुल हो गए और भगवान ब्रम्हा जी के प्रार्थना करने लगे उस समय भक्त वत्सल भगवान ने वराह का रूप धारण किया और अहंकारी अत्याचारी दैत्य राज हिरण्याक्ष का संघार करके पृथ्वी का उद्धार करके पुन: स्थापित किया।

# गायत्री परिवार ने मकर संक्राति पर करवाया सूर्य नमस्कार 15 से 85 वर्ष की आयु वाले लोगों ने लिया भाग

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार रायपुर के जिला युवा प्रकोष्ठ एवं डिवाईन इंडिया यूथ एसोसिएशन ने विवेकानंद जयंती-युवा दिवस और मकर संक्राति पर रविवार को गायत्री शक्ति पीठ समता कॉलोनी रायपुर में सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता गायत्री परिवार छत्तीगसढ़ की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा एवं रायपुर के जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई।

रायपुर युवा प्रकोष्ठ एवं दिया के प्रभारी आशीष राय एवं अमित डोये ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सूर्य नमस्कार के सभी 12 चरणों को 2 क्रम में कराया गया, जिसमें



रायपुर शहर से विभिन्न आयु वर्ग के 75 प्रतिभागीयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में योगांश योग अकादमी के सागर मलाकर एवं योग प्लाजा रायपुर के शिव कुमार साहू ने जज की भूमिका निभायी। 15 से 25 वर्ष के आयु वर्ग में गौतम साहू ने प्रथम, नेहा नायक ने द्वितीय व पुनेश्वरी जंघेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 26 से 40 वर्ष के आयु वर्ग में वासुदेव साहू ने प्रथम, भूषण लाल ने द्वितीय एवं आसना गौतम ने तृतीय प्राप्त किया इसी प्रकार 41 वर्ष से उपर के आयुवर्ग में रश्मि रेखा नायक ने प्रथम, हरजीत कौर द्वितीय एवं प्रेमलता चंद्राकर तृतीय स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में 85 वर्ष की उम्र वाले दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर निवासी एस.एल. श्रीवास्तव (से.नि. प्राध्यापक पंडित रविशंकर शुक्ल वि.वि.) ने भी हिस्सा लिया। 85 वर्ष की उम्र में उनके सूर्य नमस्कार को देखकर उपस्थित सभी लोग आश्चर्यचकित थे।

# पंजीकृत मानस मंडलियों को भक्तिमय कार्यक्रम आयोजन के लिए प्रोत्साहन राशि आवंटित

**■ 6208 मानस मंडलियों के लिए 3.10 करोड़ रुपए का आवंटन जारी**



**रायपुर।** भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत रामायण मानस मंडली को दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि संबंधित जिला कलेक्टर को आबंटन जारी किया गया है। राज्य में चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत 6208 मंडलियों के लिए 3 करोड़ 10 लाख 40 हजार रुपए का आवंटन जारी किया गया है, जिसमें प्रत्येक मानस मंडलियों को 5000 रुपए की राशि के मान से मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को आयोजित ''श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव'' राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन जिला एवं विकासखण्ड स्तर के पंजीकृत मानस मंडलियों के माध्यम से मानस गायन के लिए राशि जारी की गई है। जारी आवंटन में से रायपुर जिले के 257 मंडली को 12 लाख 85 हजार रुपए, बलौदाबाजार-भाटापारा के 248 मंडली को 12 लाख 40 हजार रुपए, गरियाबंद के 390 मंडली को 19 लाख 50 हजार रुपए, महासमुन्द के 140 मंडली को 7 लाख का आवंटन जारी किया गया है। इसी प्रकार धमतरी के 309 मंडली को 15 लाख 45 हजार रुपए, दुर्ग के 236 मंडली को 11 लाख 80 हजार रुपए, बालोद के 183 मंडली को 9 लाख 15 हजार, बेमेतरा के 310 मंडली को 15 लाख 50 हजार रुपए, राजनांदगांव के 379 मंडली को 18 लाख 95 हजार रुपए, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के 116 मंडली को 5 लाख 80 हजार रूपए का आवंटन भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए जारी किया गया है।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 73 पंजीकृत रामायण मानस मंडलियों को 3 लाख 65 हजार रुपए, कबीरधाम के 109 मंडली को 5 लाख 45 हजार रूपए भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए जारी किया गया है। बस्तर के 21 मंडली को 01 लाख 5 हजार रुपए, कोण्डागांव के 45 मंडली को 2 लाख 25 हजार, नारायणपुर के 31 मंडली को 01 लाख 55 हजार रुपए, कांकेर के 92 मंडली को 4 लाख 60 हजार, दंतेवाड़ा के 13 मंडली को 65 हजार, सुकमा के 6 मंडली को 30 हजार, बीजापुर के 01 मंडली को 5 हजार, बिलासपुर के 250 मंडली को 12 लाख 50 हजार रूपए, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के 101 मंडली को 5 लाख 5 हजार रूपए पंजीकृत रामायण मानस मंडलियों के लिए आवंटन जारी किया गया है। इसी प्रकार मुंगेली के 116 मंडली को 5 लाख 80 हजार रूपए, जांजगीर-चांपा के 822 मंडली को 41 लाख 10 हजार रूपए, सक्ती के 535 मंडली को 26 लाख 75 हजार रूपए, कोरबा के 284 मंडली को 14 लाख 20 हजार रूपए, रायगढ़ के 194 मंडली को 9 लाख 70 हजार रूपए, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के 114 मंडली को 5 लाख 70 हजार रूपए, सरगुजा के 406 मंडली को 20 लाख 30 हजार रूपए भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए जारी किया गया है। बलरामपुर के 74 मंडली को 3 लाख 70 हजार रूपए, सूरजपुर के 156 मंडली को 7 लाख 80 हजार रूपए, कोरिया के 68 मंडली को 3 लाख 40 हजार रूपए, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के 65 मंडली को 3 लाख 25 हजार रूपए और जशपुर के 64 मंडली को 3 लाख 20 हजार रूपए आबंटन भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जारी किया गया है।

# हमारी दिनचर्या में शामिल होना चाहिए साफ-सफाईः मंत्री रामविचार नेताम

**■ कृषि मंत्री फूंड़हर के शीतला मंदिर परिसर में की साफ-सफाई**

**रायपुर।** कृषि मंत्री राम विचार नेताम राजधानी रायपुर के फूंड़हर स्थित शीतला माता मंदिर में सवेरे पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों के उतरोत्तर प्रगति के लिए आशीर्वाद मांगा और मंदिर परिसर की साफ-सफाई की।

मंत्री नेताम ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वयं हाथ में झाड़ू लिया और स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री के स्वच्छता संदेश को लोगों ने प्राथमिकता में लिया। आज लोग मठ-मंदिरों सहित सार्वजनिक स्थलों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड, कार्यालय व नदी-नालों की




साफ-सफाई अभियान में लगे हैं। इसी अभियान के तहत श्री नेताम मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित करने फूंड़हर के शीतला मंदिर पहुंचे। इस अभियान में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से रविन्द्र ठाकुर, जितेंद्र गोलछा, तनय लूनिया सहित ग्रामीणजन शामिल थे।

### निगम संग रायपुरियंस ने नरैया तालाब की सफाई की

**रायपुर (ए)।** शहरी स्वच्छता में अपना योगदान देते हुए युवाओं की संस्था बंच ऑफ फूल्स ने नगर निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी के साथ प्राचीन नरैया तालाब और नरहरेश्वर मंदिर प्रांगण की सफाई की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता कैंपेन से जुड़कर नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के एम डी अबिनाश मिश्रा , बंच ऑफ फूल्स के फाउंडर सतीश भुवालका, शहीद संजय यादव हायर सेकंडरी स्कूल की एनसीसी कैप्टन डॉली यादव के साथ शहरवासी अपने बच्चों और परिवार के साथ शामिल हुए ।बंच ऑफ फूल्स शहरी स्वच्छता गतिविधियों में निरंतर योगदान देती है । निगम के सहयोग से जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत आज अल सुबह इस साफ सफाई कार्यक्रम में सभी शामिल हुए।

## खास - खबर



### कलेक्टर ऋचा चौधरी ने किया धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण

**दुर्ग।** जिले के नव पदस्थ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने शनिवार को धान उपार्जन केंद्र सिरसा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ पर खरीदी की गई धान, धान की उठाव, स्टैग व्यवस्था, नमी मापी मशीन, बरदाना आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर खरीदी की गई धान की आद्रता की माप नमी मापी मशीन से कराई। उन्होंने तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक कांटा पर जोर देते हुए सभी उपार्जन केंद्रों में इसकी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।कलेक्टर सुश्री चौधरी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को जो किसान अभी तक धान नही बेच पाए हैं, उन्हें खरीदी के निर्धारित अवधि तक धान बेचने प्रेरित करने, धान बेच चुके छोटे किसानों का रकबा समर्पण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एस डी एम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को आज सम्बंधित क्षेत्र के सभी धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। सिरसा उपार्जन केंद्र के प्रबंधक टुमेश साहू ने बताया कि केंद्र में 7776.40 क्विंटल धान खरीदी हुई है। जिसमे 456.40 क्विंटल मोटा , 425.60 क्विंटल पतला व 6894.40 क्विंटल सरना शामिल है। किसानों को राशि भुगतान हो गई है। उपार्जन केंद्र से सम्बंधित 996 किसान में से अब तक 830 किसान धान बेच चुके है। इस अवसर पर खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर, एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार गुप्ता, सीसीबी के नोडल अधिकारी एसके जोशी एवं सहकारिता व नान के अधिकारी उपस्थित थे।

### वीएचए ऐप एवं एनवीएसपी के माध्यम से दी गई मतदान संबंधी विभिन्न जानकारियां



**भिलाई।** जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग एवं जिला पंचायत सीईओ स्वीप नोडल अधिकारी अश्विनी देवांगन के निर्देशानुसार पूर्व में विधानसभा चुनाव (नवम्बर 2023) की भाँति श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, भिलाई में वर्तमान लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु शत-प्रतिशत मतदान के लिए विद्यार्थियों एवं उपस्थित शैक्षणिक कर्मचारियों को वोटर हेल्पलाईन ऐप (वीएचए) एवं नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल (एनवीएसपी) के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों को नवीन मतदाता बनने के लिए (फार्म-6), आधार से मतदाता पहचान पत्र जोड़ने के लिए (फर्म-6बी), मृत/स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए (फार्म-7), मतदाता सूची में संशोधन व स्थानांतरण नया एपिक प्राप्त करने के लिए (फार्म-8) की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. अर्चना झा, डीन (अकादमिक) डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव एवं महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी ठाकुर देवराज सिंह एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थें।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्ग रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली रवाना हो रही झांकी टीम की बालिकाओं से की चर्चा

## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर राजपथ पर दिखेगी कर्तव्य पथ में आदिम जनसंसद मुरिया दरबार पर केंद्रित झांकी

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की प्राचीन जनसंसद मुरिया दरबार को प्रदर्शित करने आज नई दिल्ली रवाना हो रही बालिकाओं की टीम से चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बालिकाओं की टीम से चर्चा में कहा कि हम सबके लिए यह बड़े सौभाग्य का विषय है कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ की झांकी राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ में प्रदर्शित की जा रही है। छत्तीसगढ़ से इस बार मुरिया दरबार पर केंद्रित झांकी के लिए आप सभी दिल्ली जा रहे हैं। आप सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।






मुख्यमंत्री साय को जब उनके प्रस्थान की सूचना अधिकारियों द्वारा दी गई तो उन्होंने तत्काल उन बच्चियों से बात करवाने को कहा और दिल्ली के लिए अपनी ट्रेन पकड़ने के लिए दुर्ग रेलवे स्टेशन पे मौजूद इन बालिकाओं से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत की। श्री साय ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटियों ने हमेशा प्रदेश का नाम ऊंचा किया आज एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड पर पूरे विश्व की दृष्टि हमारे भारतवर्ष पर रहती है।

### 28 राज्यों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद चयनित हुई छत्तीसगढ़ की झांकी : मयंक श्रीवास्तव

जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य की झांकी भारत सरकार द्वारा प्रदत्त थीम भारत लोकतंत्र की जननी पर आधारित है। छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार जनजातीय समाज में आदि-काल से उपस्थित लोकतांत्रिक चेतना और परंपराओं को दर्शाती है, जो आजादी के 75 साल बाद भी राज्य के बस्तर संभाग में जीवंत और प्रचलित है। देश के 28 राज्यों के बीच कड़ी प्रतियोगिता के बाद छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार को इस साल नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र-दिवस परेड के लिए चयनित किया गया है। नई-दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड के लिए 28 में से 16 राज्यों का चयन किया गया है। झांकी का अनूठा विषय और डिजाइन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति को रिझाने में कामयाब रहा। इस झांकी में केंद्रीय विषय आदिम जन-संसद के अंतर्गत जगदलपुर के मुरिया दरबार और लिमऊ-राजा को दर्शाया गया है।

सीएम साय ने कहा कि यह एक ऐसा अवसर होता है जहां देशभर की कला संस्कृति से अवगत होने का मौका मिलता है और इन सब बालिकाओं को छत्तीसगढ़ की महान और प्राचीन आदिवासी भारतीय संस्कृति को निरूपित करने का मौक़ा मिला है। श्री साय ने विश्वास जताया कि अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से हमारी बेटियां छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और पुरातन परंपराओं को देश ही नहीं बल्कि वैश्विक मानचित्र पर पहचान दिलाने में कामयाब होंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर समूह की बालिकाओं से अनौपचारिक चर्चा करते हुए उनके नाम व उनकी भूमिका के बारे में भी पूछा। अपने बीच,अप्रत्याशित रूप से और यात्रा के ठीक पहले, मुख्यमंत्री को पाकर अत्यंत उत्साह में दिखीं और झांकी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का निश्चय दिखाया। दुर्ग स्टेशन से दिल्ली रवाना हो रही बालिकाओं की टीम ने मुख्यमंत्री श्री साय से कहा कि वे सभी अपनी प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाएंगे।

### झांकी में एक पारंपरिक वेशभूषा में अपनी बात रखते दर्शाया

यह झांकी भारत में लोकतंत्र के जन्म और विकास की कहानी सप्रमाण प्रस्तुत करती है। झांकी का सामने का हिस्सा दर्शा रहा है कि बस्तर का जनजातीय समाज आदिकाल से लेकर अब तक स्त्री प्रधान रहा है। अपनी पारंपरिक वेशभूषा में एक स्त्री को अपनी बात रखते हुए दर्शाया गया है। मध्य भाग में बस्तर की आदिम जनसंसद को दर्शाया गया है, जिसे मुरिया दरबार के नाम से जाना जाता है। मुरिया दरबार बस्तर दशहरे का एक सार्थक प्रजातांत्रिक और सर्वमान्य आकर्षण है। झांकी के पीछे के हिस्से में बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर में स्थित लिमऊ राजा नाम के स्थान को दर्शाया गया है। लोककथाओं के मुताबिक आदि काल में जब कोई भी राजा नहीं था, तब जनजातीय समाज एक नीबू को पत्थर के प्राकृतिक सिंहासन पर रखकर आपस में ही निर्णय ले लिया करता था। झांकी की सजावट जनजातीय समाज की शिल्प-परंपरा के बेलमेटल और टेराकोटा शिल्पों से की गई है। बेलमेटल शिल्प का नंदी सामाजिक आत्मविश्वास और सांस्कृतिक सौंदर्य का प्रतीक है। टेराकोटा शिल्प का हाथी लोक की सत्ता का प्रतीक है।

# राजस्व अधिकारियों ने धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में आज सभी एस डी एम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी सहित राजस्व अमला ने धान खरीदी से सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों में धान खरीदी, उठाव की स्थिति, स्टैग, ड्रेनेज, बारदाने, अब तक धान बेच चुके किसानों की संख्या, रकबा समर्पित किसान आदि की जानकारी ली गई।

अधिकारियों ने बताया कि कोलिहापुरी केंद्र में बारदाना पर्याप्त है। 26000 क्विटल खरीदी में 21000 क्विटल धान उठाव हो चुका है। बोनस हेतु 14 किसानों में से 13 से कागजात लेकर अपलोड किया जा रहा है। एक किसान उक्त सोसायटी के नही है। सेलूद धान खरीदी केंद्र में 78839 क्विंटल खरीदी हुई है।22860 क्विंटल धान उठाव हेतु शेष है। 12 किसानों ने 2.52 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया है। राहटादाह और डागनिया केंद्र में रकबा समर्पण और लंबित बोनस सत्यापन कार्यवाही में प्रगति लाने निर्देशित किया गया है।



### सोमनी भिलाई 3 खरीदी केंद्र में 21332 क्विंटल खरीदी

सोमनी भिलाई 3 खरीदी केंद्र में 21332 क्विंटल खरीदी हो चुकी है। धान उठाव तेजी से हो रही है। 3 किसानों का 0.023 हेक्टेयर रकबा समर्पण हुआ है। अन्य किसानों को भी प्रेरित किया जा रहा है। निकुम धान खरीदी केंद्र में बारदाना पर्याप्त है।6987.600 क्विटल धान खरीदी हो चुकी है। जिसमे 51940.00 क्विंटल का उठाव हो चुका है। किसानों को राशि भुगतान हो गया है। बोनस हेतु 30 किसानों से कागजात लेकर अपलोड किया जा रहा है। आलबरस खरीदी केंद्र में 37998.00 कुल खरीदी में से 28080.00 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। अहेरी खरीदी केंद्र में कुल 966 पंजीकृत किसानों में से 773 किसानों से धान क्रय किया गया है। 11 किसानों से रकबा समर्पण कर लिया गया है।थनोद खरीदी केंद्र में खरीदे गए 59191 क्विंटल धान में से 41350 क्विंटल का उठाव हो चुका है। यहां बारदाने की आवश्यकता है। उठावकी गति भी धीरे है।

### कोहका में 33007.20 क्विंटल खरीदी व 25690.00 क्विंटल का उठाव

इसी प्रकार कोहका के धान खरीदी केंद्र में अब तक 33007.20 क्विंटल कुल खरीदी हो चुकी है। इसमें से 25690.00 क्विंटल का उठाव हो चुका है। शेष स्टॉक में है। बोनस हेतु 26 किसानों मेसे 15 किसानों का कागजात अपलोड किया जा चुका है। इसी प्रकार राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मुरमुदा, रौंदा, नंदोरी, झीट, पेंड्रावन, कुम्हारी, अंडा सहित जिले के सभी धान उपार्जन केन्दों का निरीक्षण कर धान उठाव, भुगतान की स्थिति, स्टॉक सत्यापन, रकबा समर्पण, अवितरित धान बोनस आदि की जानकारियां ली गई।



### श्रुति काशीपुरी ने बॉक्सिंग में जीता कांस्य

**भिलाई।** डीएवी स्कूल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का आयोजन करनाल हरियाणा में जनवरी 4 से 8 तक किया गया। जिसमें भिलाई की श्रुति काशीपुरी ने बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर डीएवी स्कूल भिलाई एवं भिलाई शहर का नाम रोशन किया है। उनके पिता कैलाश काशीपुरी और माता लीला देवी काशीपुरी हैं। श्रुति काशीपुरी के कोच बलवीर सिंह पपोसा है जिसके सानिध्य में वे बॉक्सिंग का प्रशिक्षण ले रही है।

# सालाना मेंटेनेंस के लिए बीएसपी टाउनशिप में 15 से 20 जनवरी तक बंद रहेगी बिजली

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफर्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन पूर्ण किये जाते हैं। इसके तहत टाउनशिप में 15 से 20 जनवरी के बीच में बिजली बंद रहेगी।

### तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र



15 जनवरी 2024 को जेएलएन हॉस्पिटल, 16 जनवरी 2024 को सेक्टर-6 के कुछ हिस्से व इंदिरा प्लेस (सिविक सेंटर), 17 जनवरी 2024 को सेक्टर-01 व जेएलएन हॉस्पिटल, 18 जनवरी 2024 को सेक्टर-9 व डायरेक्टर बंगला, 19 जनवरी 2024 को सेक्टर-2 व 6 के कुछ हिस्से तथा सीईजेड, 20 जनवरी 2024 को खुर्सीपार जोन-2 व 3। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को सुबह 10.00 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# सुरक्षा सप्ताह का समापन, विजेताओं को बांटे पुरस्कार

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के अनुसन्धान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला विभाग में विभागीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 8 से 13 जनवरी तक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (गुणवत्ता) एवी मनोज उपस्थित थे। इस विभागीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान रंगोली, संगीत, पोस्टर, कविता, स्लोगन, निबंध और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः




आयशा, प्रीती एवं मनमोहन दास को प्राप्त हुआ। संगीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रिखी राम साहू, द्वितीय पुरस्कार सुरेश कुमार एवं तृतीय पुरुस्कार आयशा को प्राप्त हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः युगल किशोर, हूलेश्वर वर्मा और रिषभ घोष को प्राप्त हुआ। कविता में प्रथम पुरस्कार एके नाइक, द्वितीय पुरस्कार देनु राम और तृतीय पुरुस्कार ऋचा अवस्थी को प्राप्त हुआ। स्लोगन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः डोमेन्द्र साहू, राज कुमार मिश्रा और खिलांजलि को प्राप्त हुआ। निबंध में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः मनीषा नंदी, वेंगेश्वर साहू और रवि शंकर पाण्डेय को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। नाटक प्रतियोगिता में एमटीएल-2 (प्रोसेस कण्ट्रोल) की टीम प्रथम, एसएमएस-3 की टीम द्वितीय और एमटीएल-2 (टेस्टिंग) की टीम तृतीय रही। इसके आलावा सभी श्रेणियों में तीन सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किये गए।

**आयोजन** स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में युवा दिवस, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा हुए शामिल

# स्वामी विवेकानंद के विचारों से निरंतर प्रेरणा लेते रहना चाहिए: डिप्टी सीएम विजय शर्मा

भिलाई। तकनीकी विश्वद्यालय भिलाई में युवा दिवस का आयोजन हुआ। उप मुख्यमंत्री एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होनें युवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि इस विश्वविद्यालय का नाम स्वामी विवेकानंद जी के नाम से है। हमें उनके विचारों से निरंतर प्रेरणा लेनी चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए आत्म विश्वास की आवश्यकता होती है। हमें स्वयं पर विश्वास करना चाहिए। उन्होनें स्वामी विवेकानंद जी द्वारा वेदांत के बारे में बताई गई बातों को सुनने और समझने का आग्रह किया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन भी उपस्थित रहे।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान अपने घर आ रहे है। अपने घरों में दीपक जरूर जलाये। उन्होनें शिक्षित युवाओं को लोकतंत्र की ताकत समझने एवं उसमें सक्रिय भूमिका निभाने कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय के स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब के साथ विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होनें विभिन्न तकनीकी कार्यों का लोकार्पण किया जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सीएसवीटीयू-फोर्ट, आरपीटीओ, न्यूकलियश टेक एवं सीएसवीटीयू-दिसा शामिल है। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने आजादी के अमृत महोत्सव का उल्लेख करते हुए युवाओं को भारत के महापुरूषों के विचारों का अनुसरण करने की बात कही। विधायक रिकेश सेन जी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री द्वारा संकल्पित भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने में तकनीकी क्षेत्रों की भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण बताया।

### मील के पत्थर स्थापित कर रहा सीएसवीटीयू

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके वर्मा ने कहा कि दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य के अंतर्गत सीएसवीटीयू द्वारा ग्रामीण उद्यमिता, ड्रोन पायलट प्रशिक्षण और कुशल मानव संसाधन जैसे मील के पत्थर स्थापित किये जा रहे हैं। विशविद्यालय द्वारा तकनिकी विकास तथा उद्यम को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यक्रम संचालित की जा रही है जो कि सेक्शन-8 के अंतर्गत एक गैर लाभकारी कंपनी है, जो कृषि आधारित ग्रामीण स्टार्टअप को अनुदान द्वारा प्रोत्साहित करती है। युवा दिवस के अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वारा 8 स्टार्टअप्स को कुल 34 लाख रूपए का वित्त अनुदान सीड मनी के रूप में प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि सीड मनी बिना किसी गारंटी के नॉन रिफंडेबल राशि के रूप में ग्रामीण अंचल के युवा स्टार्टअप फाउंडर को प्रदान किये जा रहे हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर मान्य होगा कौशल उन्नयन प्रशिक्षण

विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू कौशल उन्नयन की दिशा में अग्रणी पहल करते हुए सीएसवीटीयू के अंतर्गत न केवल छात्रों को अपितु प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षण देने का कार्य करेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल कौंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग नई दिल्ली के साथ हुए समझौते के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कौशल प्रमाण पत्र राष्ट्रीय स्तर पर मान्य होंगे। कुलपति प्रो एमके वर्मा ने उपमुख्यमंत्री के आगमन पर उनके स्वागत संबोधन में कहा कि उनकी उपस्थिति से विश्वविद्यालय को नयी दिशा तथा ऊर्जा मिली। उन्होंने सर्वेक्षण हेतु विभिन्न क्षेत्रों में यूएवी मानव) रहित विमान, महत्त्व बताते हुए जल जीवन मिशन वन विभाग, एस.ई.सी.एल. का उल्लेख किया तथा आरपीटीओ द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसर का उल्लेख करते हुए भविष्य में इस तकनीक के द्वारा बहुआयामी सेवाओं की बात कही। 100 छात्रों के सालाना प्लेसमेंट एण्ड ट्रेनिंग हेतु न्यूकलियस टेक से कंपनी से एम ओ यू की विशिष्टता बताई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सम-कुलपति प्रो. संजय अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा, यूटीडी के निदेशक डॉ. पी.के.घोष, प्रो. आर.एन. पटेल के साथ विश्वविद्यालय परिवार के समस्त अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

### राज्य में पहले रिमोट पायलेट ट्रेनिंग सेंटर व ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेंटर का हुआ लोकार्पण

रिमोट पायलट ट्रेनिंग आर्गेनाइजेशन (आरपीटीओ) व न्यूक्लियशटेक कंपनी द्वारा बनाए गए ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेंटर का लोकार्पण हुआ। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री एवं तकीनीकी शिक्षा मंत्री शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के साथ साथ मध्य भारत में पहले रिमोट पायलट ट्रेनिंग आर्गेनाइजेशन (आरपीटीओ) लोकार्पण किया। यह ड्रोन एप्लीकेशन सेवा प्रदान करने वाला राज्य का एकमात्र संस्थान है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष 2400 कुशल पायलट तैयार करने में सक्षम होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम बैच के रूप में आगामी सप्ताह में होने जा रहा है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में न्यूक्लियशटेक कंपनी द्वारा बनाए गए ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेंटर का भी लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के बाद उप मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने सेंटर का अवलोकन भी किया। इस कंपनी द्वारा प्रति वर्ष 100 छात्रों को रोजगार एवं ट्रेनिंग के अवसर प्रदान किये जायेगें।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)